दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 266 जयपुर | बुधवार, 31 जुलाई, 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष एकादशी संवत्-2081 भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# वायनाड में 4 घंटे में 3 लैंडस्लाइड, 119 मौतें

## सेना-एयरफोर्स रेस्क्यू में जुटी; केरल में भारी बारिश का अलर्ट, 8 जिलों में स्कूल बंद

बढ़ता राजस्थान

**वायनाड/नई दिल्ली।** केरल के वायनाड में तेज बारिश की वजह से सोमवार देर रात 4 अलग-अलग जगहों पर लैंडस्लाइड हुई। रात 2 बजे से सुबह 6 बजे के बीच हुए लैंडस्लाइड में 4 गांव बह गए। मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा में घर, पुल, सड़कें और गाड़ियां भी बह गईं। अब तक 119 लोगों की मौत हो चुकी है। 116 अस्पताल में हैं, जबकि 98 से ज्यादा लोगों के लापता होने की खबर है। रेस्क्यू के लिए आर्मी, एयरफोर्स, एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद है। कन्नूर से आर्मी के 225 जवानों को वायनाड के लिए रवाना किया गया है। एयरफोर्स के 2 हेलिकॉप्टर भी रेस्क्यू के लिए भेजे गए, लेकिन बारिश के चलते उन्हें कोझिकोड लौटना पड़ा। सेना की स्पेशल डॉग यूनिट के ट्रेंड डॉग्स, जिनमें बेल्जियन मैलिनोइस, लैब्राडोर और जर्मन शेफर्ड जैसी नस्लें शामिल हैं, वायनाड में भूस्खलन प्रभावित मेप्पाड़ी के लिए रवाना किए गए हैं। इधर, केरल सरकार ने इस हादसे के बाद राज्य में दो दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। इस बीच, मौसम विभाग ने राज्य के 8 जिलों में बुधवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। इस वजह से कल इन जिलों के शिक्षण संस्थान बंद करने का फैसला किया गया।

### 5 साल पहले इसी इलाके में लैंडस्लाइड से 17 मौतें हुई

वायनाड के 4 गांव- मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा में लैंडस्लाइड की घटना हुई है। 5 साल पहले 2019 में भी भारी बारिश की वजह से इन्हीं गांवों में लैंडस्लाइड हुई थी, जिसमें 17 लोगों की मौत हुई थी। 5 लोगों का आज तक पता नहीं चला। 52 घर तबाह हुए थे।



### मुंडक्कई गांव में सबसे ज्यादा नुकसान, यहां 250 लोग फंसे

वायनाड का मुंडक्कई गांव लैंडस्लाइड की वजह से सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। यहां चूरलमाला को मुंडक्कई से जोड़ने वाला पुल बह गया है, जिससे क्षेत्र तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। एनडीआरएफ की 20 सदस्यीय टीम पैदल चलते हुए यहां तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। मुंडक्कई में करीब 250 लोगों के फंसे होने की खबर है। यहां कई घर बह गए है। यहां 65 परिवार रहते थे। यहीं पास के एक टी एस्टेट के 35 कर्मचारी भी लापता हैं।

# भारतीय हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराया : भजन आर्चरी के प्री-क्वार्टर फाइनल में



बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। पेरिस ओलिंपिक में मंगलवार को भारत को दूसरा मेडल मिला। शूटर मनु भाकर और सरबजोत ने 10 मीटर पिस्टल मिक्स्ड इवेंट का ब्रॉन्ज जीत लिया। दोनों की जोड़ी ने कोरियाई टीम को 16-10 से हराया। मनु एक ओलिंपिक में दो मेडल जीतने पहली भारतीय बनीं हैं। उन्होंने 2 दिन पहले (28 जुलाई) को 10 मीटर विमेंस पिस्टल इवेंट में भी ब्रॉन्ज जीता था। उनसे पहले इंग्लो-इंडियन रेसर नॉर्मन प्रिचर्ड ने भारत के लिए 1900 में पेरिस गेम्स में 2 मेडल जीते थे। शूटिंग के अलावा, भारतीय मेंस हॉकी टीम ने आयरलैंड को 2-0 से हराते हुए अजेय अभियान जारी रखा है। वहीं, भजन कौर विमेंस आर्चरी की इंडिविजुअल कैटेगरी के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं, जबकि अंकिता भकत राउंड ऑफ-32 का मैच हार गई हैं। सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी बैडमिंटन के मेंस डबल्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

**भारत को शूटिंग में 12 साल बाद डबल मेडल**-ओलिंपिक गेम्स की शूटिंग इवेंट में भारत को 12 साल के बाद डबल मेडल मिले हैं। इससे पहले 2012 के लंदन ओलिंपिक में गगन नारंग और विजय कुमार ने शूटिंग में मेडल दिलाए थे।

# मंत्री एक दिन विधायकों की सुनवाई करें : सीएम शर्मा

## मंत्रियों को हफ्ते में तीन दिन जयपुर रहने के निर्देश एमएलए कार्यकर्ताओं के साथ करें टिफिन बैठक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सीएम भजनलाल शर्मा ने सभी मंत्रियों को सप्ताह में तीन दिन जयपुर में रहने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने कहा- इनमें से एक दिन मंत्री विधायकों की सुनवाई करें। विधायक अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं और कार्य लेकर जयपुर आते हैं। ऐसे में उनके काम होने चाहिए। मंत्री विधायक के क्षेत्र में अपने विभाग से संबंधित काम को प्राथमिकता से पूरा करें। इसके साथ ही सीएम ने कहा- बजट घोषणाएं धरातल पर उतरें, इसके लिए जरूरी है कि सभी विधायक अपने-अपने क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं के एग्जीक्यूशन की निगरानी रखें। सीएम भजनलाल ने ये बातें सोमवार को विधानसभा में आयोजित बीजेपी विधायक दल की बैठक में कही।

**विधायक कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनें और उनका समाधान करें :** सीएम भजनलाल ने विधायकों को निर्देश दिए कि वे पार्टी कार्यकर्ताओं का भी पूरा ध्यान रखें। कार्यकर्ताओं की मेहनत की वजह से ही प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनी है। ऐसे में जरूरी है कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं का भी सम्मान किया जाए। सीएम कहा- विधायक महीने में एक बार कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक करें। विधायक कार्यकर्ताओं के साथ भोजन करते हुए उनसे क्षेत्र और उनकी व्यक्तिगत समस्याओं के बारे में जानें और उसे हल करने का प्रयास करें।



### अगले महीने गुजरात में होगी चिंतन बैठक

विधायक दल की पिछली बैठकों में सीएम भजनलाल ने विधायकों को ट्रेनिंग देने की मंशा जाहिर की थी। इसके बाद अब यह तय किया गया है कि अगस्त में दो दिन की चिंतन बैठक आयोजित की जाएगी। यह बैठक गुजरात में आयोजित हो सकती है। इस बैठक में विधायकों को विधानसभा के नियमों, कार्यप्रणाली के प्रशिक्षण के साथ-साथ क्षेत्र की जनता के साथ संवाद की ट्रेनिंग भी दी जाएगी। सीएम पहले ही विधायकों से कह चुके हैं कि वह क्षेत्र की जनता के साथ लगातार संवाद बनाए रखें। वहीं विधायक का स्टाफ भी जनता के साथ शालीनता से पेश आए। इसका विशेष ध्यान रखा जाए।

### राजस्थान में धीमा हुआ बारिश का दौर, पारा 40 डिग्री

**जयपुर।** राजस्थान में बारिश का दौर धीमा पड़ गया है। जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और बीकानेर के अधिकांश जिलों में सोमवार को आसमान साफ रहा और धूप निकली। जैसलमेर, गंगानगर में कल दिन का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राजस्थान में अगले चार-पांच दिन मानसून एक्टिव तो रहेगा, लेकिन बारिश बहुत कम जगहों पर होने की संभावना है। पिछले 24 घंटे के दौरान बाड़मेर के चौहटन में 42 एमएम, धनाऊ में 33, गुड़ामालानी में 28, झालावाड़ के पिड़ावा में 11, प्रतापगढ़ के धरियावद में 17, डूंगरपुर के फलोज में 35, वेंजा में 20, जालोर के सांचौर में 25, रानीवाड़ा में 15 और सिरोही के रेवदर में 27 एमएम बारिश दर्ज हुई।

# यूपी में लव जिहाद पर अब उम्रकैद, बिल पास

## दोषी पर जुर्माना भी बढ़ाया, कोई भी व्यक्ति कर सकेगा शिकायत



बढ़ता राजस्थान

**उत्तर प्रदेश।** यूपी में लव जिहाद के दोषी को अब उम्रकैद की सजा होगी। साथ ही एक लाख रुपए जुर्माना भी भरना होगा। राज्य विधानसभा में मंगलवार को लव जिहाद विरोधी बिल पास हो गया। योगी सरकार ने 'यूपी विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक' सोमवार को सदन में रखा था। इसमें धर्म परिवर्तन से जुड़े अपराधों में सजा की अवधि और जुर्माना भी बढ़ा दिया गया है। धर्म परिवर्तन के लिए विदेशों से होने वाली फंडिंग रोकने के लिए सजा को सख्त किया गया है। पारित बिल के अनुसार धोखे से या बहला फुसलाकर धर्म परिवर्तन और शादी कराने पर पहले एक से पांच साल की जेल और 15 हजार रुपए जुर्माना था। अब 3 से दस साल की जेल और 25 हजार रुपए जुर्माना होगा। नाबालिग एससी/एसटी महिला के साथ लव जिहाद पर 2 से 10 साल तक की सजा और 25 हजार रुपए जुर्माना लगता था। अब 5 से 14 साल तक जेल और एक लाख रुपए जुर्माना होगा।

# अनुराग ने गाली दी, उनसे माफी नहीं चाहिए : राहुल

## ठाकुर ने कहा था- जिसकी जाति का पता नहीं, वे जातीय जनगणना की मांग कर रहे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के सातवें दिन मंगलवार, 30 जुलाई को अग्निवीर और जातिगत जनगणना पर भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, राहुल गांधी और अखिलेश यादव भिड़ गए। अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा- आपके बोलने के लिए पर्ची आती है। उधार की बुद्धि से राजनीति नहीं चलती। ठाकुर ने फिर कहा- आजकल कुछ लोगों पर जाति जनगणना का भूत सवार है। जिसको जाति का पता नहीं, वो जाति जनगणना कराना चाहते हैं। इस पर विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। राहुल गांधी ने अनुराग ठाकुर पर गाली देने का आरोप लगाया। अखिलेश भी बोले- कोई किसी की जाति कैसे पूछ सकता है।

अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस से बने पूर्व प्रधानमंत्रियों का जिक्र किया और हर दौर में हुए घोटालों का जिक्र करते हुए कहा- मैं पूछना हूं कि चाहता हलवा किसे मिला। कुछ लोग ओबीसी की बात करते हैं। इनके लिए ओबीसी का मतलब है, ऑनली फॉर ब्रदर इन लॉ कमीशन। मैंने कहा था, जिसको जाति का पता नहीं, वो गणना की बात करता है।



### अनुराग ने कांग्रेस के चक्रव्यूह के बारे में बताया, 7 किरदार गिनाएं

अनुराग ने राहुल के चक्रव्यूह वाले बयान पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर राहुल को महाभारत और चक्रव्यूह के विषय में विस्तृत जानकारी लेनी है तो वो अपने सांसद से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा देश ने बहुत सारे चक्रव्यूह देखे हैं जिसमें कांग्रेस का भी चक्रव्यूह शामिल है। आज हम उस चक्रव्यूह के 7 किरदारों के बारे में बताने वाले हैं। पहला- कांग्रेस, दूसरे पहले पीएम एनजी, फिर तीसरा किरदार आईजी, चौथा आरजी-1, पांचवां- एसजी, छठा- आरजी-2, सातवां आप सब जानते ही हैं। राहुल ने सोमवार को कहा था कि 21वीं सदी में एक नया चक्रव्यूह रचा गया है- वो भी कमल के फूल के रूप में तैयार हुआ है। इसका चिह्न प्रधानमंत्री अपने सीने पर लगाकर चलते हैं। अभिमन्यु के साथ जो किया गया, वह भारत के साथ किया जा रहा है। आज चक्रव्यूह के बीच में 6 लोग हैं। ये 6 लोग- नरेंद्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोभाल, अडाणी और अंबानी हैं। राहुल गांधी एक दिन पहले चक्रव्यूह और शिव के बारात के सहारे पीएम नरेंद्र मोदी को घेर चुके थे। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने विपक्ष के चक्रव्यूह को भेदने के लिए शशि थरूर के नोवल द ग्रेट इंडियन का सहारा लिया।



# गोपालपुरा बाईपास से टोंक रोड़ दुर्गापुरा होते हुये रामबाग तक रोड़ के दोनों तरफ करीब 05 कि.मी. तक हटाए अतिक्रमण

## तेईस बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-5 में गोपालपुरा बाईपास से टोंक रोड़ दुर्गापुरा होते हुये रामबाग तक रोड़ के दोनों तरफ करीब 05 कि.मी. तक अतिक्रमण हटाए। साथ ही तेईस बीघा भूमि पर अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त किया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देषन में जोन-10 के क्षेत्राधिकार इकोलॉजिकल जोन में अवस्थित ग्राम बगराना में ढूंढ़ नदी की करीब 20 बीघा सरकारी भूमि पर भूमाफियों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से भूमि को समतल कर विगत दिवसों में रातों रात मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें, बाउण्ड्रीवाल, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना पर ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल कर ढूंढ़ नदी की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जविप्रा स्वामित्व की सरकारी भूमि-पार्क पर अवैध कब्जे-अतिक्रमण करने के संबंध में संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही बाबत् उक्त सरकारी भूमि को संरक्षित व सदुपयोंग करने के संबंध में उपायुक्त जोन-10 को पत्र लिखा गया है। जोन-10 के क्षेत्राधिकार इकोलॉजिकल जोन में अवस्थित ग्राम गोनेर रोड़ राजविलास होटल के पीछे राज आंगन कॉलोनी में गैर मुमकिन आम रास्तें पर भूमाफियों द्वारा कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से भूमि को समतल कर विगत दिवसों में रातों रात मौका पाकर बनाई गई बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण को मंगलवार को हटवाया जाकर आम रास्तें की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

जोन-10 के क्षेत्राधिकार ईकोलोजिकल जोन में अवस्थित जगतपुरा जे.एन.यू. के पास जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''गौतम एन्कलेव'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गयी मिट्टी-ग्रेबल सडकें, बाउण्ड्रीवाल, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना पर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-5 में मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देषन में उप नियंत्रक-प्रथम, प्रवर्तन अधिकारी जोन-05, 01, 03 के सहयोग से सामेहिक अभियान का आयोजन कर गोपालपुरा बाईपास से टोंक रोड़ दुर्गापुरा होते हुये रामबाग तक रोड़ के दोनों तरफ करीब 05 कि.मी. तक के दायरे में दुकानों, मकानों के आगे अत्यधिक लम्बाई में बने चबुतरें लगाये गये लोहे के ऐंगल, टीनषेड़, चाय, नास्तें की थडियां, ठेलें, तिरपाल, लोहे की रेलिंग, जालियां, टेबल कुर्सियां, होर्डिंग-साइन बोर्ड, पत्थर, पट्टियां इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 200 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन-05, 04, 01 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर मुख्य रोड़ को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन के निर्देषन में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम एवं प्रवर्तन अधिकारी जोन-05, 01, 03, पुलिस लाईन से प्राप्त अतिरिक्त पुलिस जाप्ता, स्थानीय पुलिस थाना का पुलिस बल, नगर निगम का जाप्ता तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।




# आज से बी -2 बाईपास क्लोअर लीफ पर यातायात होगा शुरू

## आमजन की राह होगी सुगम, बी -2 बाईपास चौराहा बनेगा पहला ट्रेफिक फ्री जंक्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा एवं नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा के नेतृत्व में जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा यातायात सुधारीकरण कार्य के तहत बी-2 बाईपास क्लोअर लीफ पर पर 31 जुलाई, 2024 से यातायात आवागमन हेतु खोल दिया जायेगा। जिससे आमजन की राह सुगम होगी। जयपुर विकास आयुक्त मंजू राजपाल ने बताया कि बी-2 बाईपास जंक्शन को सिग्नल फ्री करने के पश्चात् किसी भी दिशा से आने वाला यातायात किसी भी दिशा में निर्बाध रूप से जा सकेगा। जवाहर सर्किल से मानसरोवर एवं मानसरोवर से जवाहर सर्किल की तरफ जाने वाला यातायात अण्डरपास का उपयोग करते हुए निर्बाध रूप से जा सकेगा। सांगानेर की ओर से आने वाला यातायात बॉयी ओर मानसरोवर की तरफ एवं सीधा जयपुर शहर की तरफ जा सकेगा इसके अतिरिक्त क्लोवर लीफ का उपयोग करते हुए जवाहर सर्किल एवं जगतपुरा की ओर जा सकेगा। दुर्गापुरा की ओर से आने वाला यातायात सीधा सांगानेर की तरफ जा सकेगा एवं मानसरोवर के लिए क्लोवर लीफ का उपयोग करते हुए जा सकेगा।



मानसरोवर से आने वाला यातायात क्लोवर लीफ का उपयोग करते हुए सांगानेर की तरफ जा सकेगा। उक्त प्रोजेक्ट की लागत 161.00 करोड़ रूपये है। अण्डरपास का कार्य पूर्ण कर दिनांक 15.03.2024 को लोकार्पण किया जा चुका है। टोंक रोड़ पर रैम्प एवं डामरीकरण का कार्य पूर्ण कर 30 मई 2024 को यातायात प्रारम्भ कर दिया गया है। टोंक रोड पर दो क्लोवर लीफ का कार्य पूर्ण कर 31.07.2024 से यातायात प्रारम्भ किया जाना है। उल्लेखनीय है कि बी-2 बाईपास जंक्शन, टोंक रोड पर एक प्रमुख जंक्शन है जो कि दुर्गापुरा को सांगानेर, प्रतापनगर एवं सीतापुरा औधोगिक क्षेत्र से जोडता है।

इसके अतिरिक्त यह जंक्शन होटल, वैवाहिक स्थल, व्यवसायिक क्षेत्र, हॉस्पिटल एवं हवाई अड्डो आदि स्थित है। वर्तमान में इस जंक्षन पर व्यस्ततम समय में ट्रैफिक जाम की बहुत बडी समस्या रहती है जिससे समय के साथ-साथ ईंधन की भी बर्बादी होती है। इसके समाधान हेतु जेडीए द्वारा बी-2 बाईपास चौराहें को ट्रैफिक सिग्नल मुक्त जंक्षन बनाया गया है। जिसमें जवाहर सर्किल से मानसरोवर की तरफ अण्डरपास एवं टोंक रोड पर बजरी मंडी एवं रामदास अग्रवाल तिराहे पर क्लोवर लीफ के निर्माण के साथ विधुतीकरण का कार्य किया गया है।

# पेपर लीक माफियाओं को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए हिम्मत या औकात की जरूरत नहीं, सरकार की मंशा ही काफी : जितेंद्र गोठवाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** भाजपा प्रदेश महामंत्री और विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान का पलटवार करते हुए कहा कि प्रदेश के 70 लाख युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के राज में पनप रहे पेपरलीक माफियाओं पर भजनलाल सरकार ने नकेल कंसने का कार्य किया है। महज 7 माह में 120 से अधिक पेपर लीक माफियाओं को सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम भी भाजपा की भजनलाल सरकार ने किया है। अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए हिम्मत या औकात की जरूरत नहीं होती, अगर आवश्यकता होती है तो केवल मंशा की और नेक इरादों की। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुलिस को अपराधियों पर



कार्रवाई के सख्त निर्देश दिए। इसी की बदौलत आज पेपर लीक माफिया जेल में है। पेपर लीक माफियाओं का उद्योग चलाने वाले डोटासरा अब बेरोजगारों की चिंता करने का ढोंग कर रहे हैं।

भाजपा विधायक जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि देश की 140 करोड़ जनता ने तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास जताया है। डोटासरा भूल गए कि भाजपा सरकार के 10 साल के कार्यकाल में किए गए ऐतिहासिक कार्यों की बदौलत केंद्र में तीसरी बार सरकार बनी है। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के नाम पर देश में गृहयुद्ध होने का बयान देने वाले कांग्रेसी नेताओं की जुबान पर मोदी सरकार ने ताला लगा दिया। मोदी सरकार ने धारा 370 हटाई और लाल चौक पर जाकर तिरंगा भी फहराया गया। आज उसी कश्मीर में लोग अमन-चैन और भाईचारे के साथ रह रहे है।

कांग्रेस सरकार ने 5 साल के राज में प्रदेश को गर्त में धकेल दिया था। वहीं दूसरी ओर भाजपा की भजनलाल सरकार ने सत्ता में आने के बाद ही अपराध पर लगाम लगाने के लिए एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स गठित की, बदमाशों के घरों पर बुलडोजर चलाया और पेपर लीक के मामलों की त्वरित जांच के लिए एसआईटी गठित की और भी कई सख्त एक्शन लिए गए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिस हिसाब से 7 माह में जनहित में कई ऐतिहासिक फैसले किए है उससे सरकार की मंशा साफ कर दी है।

# तेरह रथों से प्रदेश के 45 हजार गांवों में जगाएंगे विचार क्रांति की अलख

## गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी में पांच जिलों के परिजनों ने लिया यात्रा को सफल बनाने का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से राजस्थान प्रदेश के 45 हजार गांवों में विचार क्रान्ति का संदेश देने के लिए इसी साल सितंबर माह से 2026 तक शक्ति कलश यात्रा निकाली जाएगी। शांतिकुंज हरिद्वार से 13 रथ सितंबर माह के प्रथम सप्ताह में पुष्कर आएंगे फिर अलग अलग जिलों के लिए रवाना होंगे। इस आशय का निर्णय मंगलवार को गायत्री शक्ति पीठ ब्रह्मपुरी में आयोजित जयपुर उप जोन की बैठक में लिया गया। वेद माता मां गायत्री , पंडित श्री राम शर्मा आचार्य, भगवती देवी शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुई संगोष्ठी में जयपुर, टोंक ,सीकर, नीमकाथाना जिलों से 300 से अधिक गायत्री परिजन शामिल हुए। जिला




समन्वयकों ने अपने जिले में शक्ति कलश यात्रा से जुड़ी तैयारी से अवगत कराया। मुख्य अतिथि शांतिकुंज हरिद्वार से आए गौरी शंकर सैनी ने कहा कि जहां हम नहीं पहुंच पाए वहां ज्योति कलश पहुंचेगा। यात्रा के माध्यम से जन जन तक गुरु सत्ता के विचारों को पहुंचा सकते हैं। यह बड़ी योजना है इसलिए बड़ा सोचना होगा। सैनी ने कहा कि आज का समय ही सही समय है। अच्छे समय का इंतजार मत करो। यदि कहीं भी विवाद खड़ा हो जाए तो सम्मान पूर्वक तरीके से निपटाए। हमारी जितनी भी समस्या है उनका समाधान नियमित स्वाध्याय है। परिवार के लोग मिल कर स्वाध्याय करें। सभी ने छह बातों का संकल्प लिया। विशिष्ट शांति कुंज से आए अतिथि मोहन लाल गौतम ने कहा कि जीवन में सौभाग्य आते रहे हैं और आते रहेंगे। लाभ तभी होगा जब उन्हें जीवन में उतारे। संगोष्ठी को गायत्री परिवार राजस्थान के समन्वयक ओमप्रकाश अग्रवाल, जयपुर उप जोन समन्वयक सुशील कुमार शर्मा, वरिष्ठ कार्यकर्ता सतीश भाटी, डॉ प्रशांत भारद्वाज ने भी संबोधित किया। प्रारंभ में गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के व्यवस्थापक सोहनलाल शर्मा, सह व्यवस्थापक मणि शंकर चौधरी, केदार शर्मा, धर्म सिंह राजावत, संतोष गुप्ता , रणवीर चौधरी, भैरूलाल जाट एवं अन्य ने वरिष्ठ प्रतिनिधियों का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। गायत्री कचोलिया, दिनेश आचार्य ने प्रज्ञा गीतों की प्रस्तुतियां दी।



# ट्रेन के एसी कोच में सो रहे यात्रियों के कीमती सामान चोरी करने वाले गिरफ्तार

## चोरी के तीन लैपटॉप, एक मोबाइल, वायरलेस एयरपोड्स, हार्ड डिस्क ड्राइव, लेडीज पर्स मय नकदी एवं चांदी के जेवर बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/अजमेर।** रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन के एसी कोच में सो रहे यात्रियों के कीमती सामान चोरी करने वाले गिरोह का अजमेर जीआरपी व आरपीएफ ने खुलासा कर दो सदस्यों मुकेश सिंह रावत पुत्र मदन सिंह (26) निवासी गांव आखरी थाना गेगल एवं पिंटू गुर्जर पुत्र सूरजमल (24) निवासी गांव मुहामी थाना गेगल जिला अजमेर को गिरफ्तार कर चोरी के तीन लैपटॉप मय बैग, एक मोबाइल, वायरलेस एयरपॉड्स, हार्ड डिस्क ड्राइव, लेडीज पर्स मय नकदी एवं चांदी के जेवर बरामद किये है। एसपी जीआरपी राममूर्ति जोशी ने बताया कि 27 जुलाई को जयपुर निवासी योगेंद्र मेहरा अपने परिवार सहित भुज दिल्ली सुपरफास्ट में सफर कर रहे थे। ट्रेन अजमेर रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। नींद से उठ योगेंद्र ट्रेन के शौचालय जाकर वापस आया तो देखा दो लड़के उसकी पत्नी का पर्स चोरी कर रहे थे। शोर मचाने पर दोनों पर्स लेकर वहां से भाग गये। पर्स में दो हजार नगद एवं दैनिक जरूरत के अन्य छोटा-मोटा सामान था। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच हेड कांस्टेबल हीरालाल को सौंपी गई। ट्रेनों में चोरी की वारदातों को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेश शर्मा व डीएसपी रामअवतार के सुपरविजन एवं एसएचओ जीआरपी अजमेर अनिल देव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा रेलवे स्टेशन व शहर के विभिन्न सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का परिवादी द्वारा बताए गए हूलिये तथा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर विश्लेषण कर सोमवार को आरोपी मुकेश सिंह रावत व उसके साथी पिंटू गुर्जर को डिटेन कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वारदात के लिए सुबह 3 बजे रेलवे स्टेशन अजमेर पर आते हैं। इस समय गहरी नींद आने के कारण किसी यात्री के जगने की संभावना कम रहती है। आरोपी स्टेशन पर खड़ी गाड़ियों के एसी कोच में घुसकर नींद में सोए हुए यात्रियों के बैग इत्यादि सामान चोरी कर फरार हो जाते हैं। पूछताछ में आरोपियों ने अब तक 10 वारदात करना स्वीकार किया है।

# कनिष्ठ सहायक 9 हजार 800 रुपये की रिश्वत लेते गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,( का.स. )।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की नागौर टीम ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए कार्यालय उपखण्ड अधिकारी डेगाना जिला नागौर के कनिष्ठ सहायक को परिवादी से 9 हजार 800 रुपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो पुलिस महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की नागौर टीम को परिवादी ने शिकायत दी कि केसीसी लोन में डिफाल्ट होने पर बैंक से सेटलमेंट होने के उपरान्त उपखण्ड अधिकारी कार्यालय डेगाना से उसके विरूद्ध रोड़ा एक्ट की कार्रवाई बन्द करवाने एवं जमीन के म्यूटेशन में बैंक का नाम हटाने की एवज में कनिष्ठ सहायक अशोक 9 हजार 800 रूपये की रिश्वत राशि की मांग कर रहा है। जिस पर एसीबी नागौर टीम की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कल्पना सोलंकी के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप की कार्रवाई करते हुए कनिष्ठ सहायक अशोक को 9 हजार 800 रूपये की रिश्वत राशि लेते गिरफ्तार किया।

# ब्लैक फंगस से गंवाना पड़ा था तालू डॉक्टर्स ने जटिल सर्जरी कर वापस बनाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, ( का.स. )।** दो साल पहले ब्लैक फंगस की गंभीर समस्या से ग्रसित हुए 25 वर्षीय सुमित (परिवर्तित नाम) को सर्जरी कर इस जानलेवा बीमारी से तो बचा लिया गया। लेकिन इस सर्जरी में उनका आधा ऊपर का जबड़ा व तलवा हटाना पड़ा। इस कारण उन्हें बोलने में अस्पष्टता व खाना निगलने की समस्या से जूझना पड़ रहा था। ऐसे में शहर के सी के बिरला हॉस्पिटल के सीनियर ओरल सर्जन डॉ. अनुरूप राय ने एक जटिल सर्जरी करके उनके मुंह के आंतरिक संरचना को वापस पहले की तरह सामान्य कर दिया।



**तालू के हट जाने से मरीज की नाक में चला जाता था भोजन :** डॉ. अनुरूप राय ने बताया कि मरीज को तालू के सॉफ्ट टिश्यू और हड्डी के हटने के कारण भोजन करने में बहुत दिक्कत होती थी। मरीज का भोजन नाक में चला जाता था और नेजल डिस्चार्ज मुंह में आ जाता था। पहले किए गए ऑपरेशन के दौरान लगाई प्लेट बार-बार हटाने और लगाने से इन्फेक्शन भी होता था। इन सभी कारणों से उनकी दोबारा सर्जरी कर एक फिक्स इंप्लांट लगाने का निर्णय लिया गया।

**सर्जरी से पहले 3डी मॉड्यूल बना कर की गई प्लानिंग :** मरीज की सर्जरी से पहले काफी गहनता से प्लानिंग की गई। सर्जरी से पहले मरीज का इंट्रा ओरल स्कैन एवं सीटी स्कैन किया गया। इनको डिजिटली जोड़ कर एक 3डी मॉड्यूल बनाया गया और अंदरूनी संरचना की समीक्षा की गई। जिसने दंत चिकित्सा विभाग के डॉ दिव्यरूप रॉय और डॉ जया पुरेवाल ने सहयोग किया। डॉ. अनुरूप राय ने जानकारी दी कि जब मरीज के मुंह की अंदरूनी संरचना की स्पष्ट स्थिति मालूम हुई तो उन्होंने मरीज के लिए कस्टमाइज्ड टाइटेनियम इंप्लांट बनवाया और उसका 3डी मॉड्यूल पर ट्रायल करके देखा। जब वह बिल्कुल सही लगा तो करीब ढाई घंटे की सर्जरी करके इंप्लांट पूरी तरह फिट कर दिया। सर्जरी का कोई भी निशान चेहरे पर नहीं है और अब वह सामान्य जीवन जी पा रहा है।

# जेकेके में 31 जुलाई से 2 अगस्त तक सावन शृंगार उत्सव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से 31 जुलाई से 2 अगस्त तक सावन श्रृंगार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 31 जुलाई को कृष्णायन में शाम 4 बजे प्रदीप चौधरी की गायन प्रस्तुति होगी। वहीं शाम 5 से 6 बजे तक प्रेमचंद का साहित्य और उसकी प्रासंगिकता विषय पर संवाद प्रवाह होगा। इसमें वरिष्ठ शिक्षाविद् डॉ. बीना शर्मा, नाट्य निर्देशक राजेंद्र सिंह पायल और समीक्षक सुंदरम शांडिल्य विचार रखेंगे। शाम 6.30 बजे रंगायन में राजा रहमान शेख और समूह एवं डॉ. गौरव जैन व दीपशिखा जैन और समूह के कलाकार सुरीले नगमे पेश करेंगे। 1 अगस्त को वृत्त चित्र निर्देशक, लेखक एवं फिल्मकार दीपक महान शाम 6.30 बजे रंगायन में ऑडियो विजुअल प्रेजेंटेशन के जरिए मो. रफ़ी के सुहाने सफर पर प्रकाश डालेंगे। 2 अगस्त शाम 6.30 बजे रंगायन में मुजफ्फर रहमान और समूह के कलाकार ताल वाद्य कचहरी की प्रस्तुति देंगे।

# बजट सत्र में निम्बाहेड़ा विधानसभा को मिली सौगातों से क्षेत्र में हर्ष

- निम्बाहेड़ा में कन्या महाविद्यालय की घोषणा पर क्षेत्रवासियों में भारी उत्साह
- भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पद पर राठौड़ की नियुक्ति पर भाजपा नेताओं ने मनाया जश्न

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** राजस्थान सरकार के 16 वीं विधानसभा के पहले पूर्णकालिक बजट में निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र को मिली सौगातों, विशेष कर निम्बाहेड़ा में कन्या महाविद्यालय की घोषणा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष पद पर मदन राठौड़, राजसभा सांसद की नियुक्ति पर भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए आतिशबाजी कर जश्न मनाया। निम्बाहेड़ा विधायक एवं पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री श्रीचंद कृपलानी के प्रयासों से निम्बाहेड़ा विधानसभा क्षेत्र के लिए बजट में निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ फोरलेन सड़क की घोषणा (325 करोड़ रुपये), निम्बाहेड़ा के कनेरा घाटा क्षेत्र में 'निम्बोदा लघु सिंचाई परियोजना' (20 करोड़ की घोषणा), विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए छोटीसादड़ी के लिए 220 केवी जीएसएस, छोटीसादड़ी के बम्बोरी में विद्युत वितरण व्यवस्था में सुधार के लिए 132 केवी जीएसएस, छोटीसादड़ी में ए.डी.जे.कोर्ट की घोषणा, छोटीसादड़ी में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपजिला चिकित्सालय में क्रमोन्नत, निम्बाहेड़ा में कन्या महाविद्यालय (गर्ल्स कॉलेज) की घोषणा, छोटीसादड़ी एनएच-113 सड़क से महुडिया-बागदरी तक सड़क निर्माण की घोषणा (5 करोड़ रु.), निम्बाहेड़ा के कल्याणपुरा-सिगरी हनुमान जी सड़क पर क़दमली नदी पर बने काजवे के स्थान पर पुलिया व सड़क निर्माण (25 करोड़ रुपये) तथा निम्बाहेड़ा-छोटीसादड़ी के 240 गांवो के लिए चम्बल व जाखम परियोजना से प्रस्तावित पेयजल हेतु प्रस्ताव की स्वीकृति होने पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं सहित क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर है। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व के द्वारा राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष पद पर मदन राठौड़ की नियुक्ति करने पर भी भाजापा नेताओं हर्ष व्यक्त कर शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया। मंगलवार को इसी क्रम में पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, वरिष्ठ पार्षद पारस पारख, पूर्व महामन्त्री वीरेश चपलोत, चंद्रमोहन गुप्ता, भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला सह संयोजक गजेंद्र नवलखा, नगर महामन्त्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार, कमलेश बुनकर, उपाध्यक्ष गोपाल पंचौली, विमल कोठारी, नीलेश खेरोदिया, नगर मंत्री दिलीप मोदी, मुकेश बम, पार्षद जगदीश माली, भाजयुमो नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती शर्मा, भाजयुमो के महामंत्री आशीष टांक, चिराग मंत्री, अंकित लखारा, सोशल मीडिया प्रभारी सुनील चाष्टा, राजू बाहेती, रमेश वैष्णव, कमलेश शर्मा, संजय शर्मा, अशोक मालवीय, कैलाश सेन सब्जी मंडी चौराहा आदि क्षेत्र में आतिशबाजी कर जश्न मनाया। इस दौरान सभी ने विधायक कृपलानी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, वित्त मंत्री दिया कुमारी के प्रति आभार व्यक्त किया।



## आम आदमी पार्टी चित्तौड़गढ़ ने नारेबाजी के साथ जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़/कपासन( नि.स. )।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नाम जिला कलेक्टर को आम आदमी पार्टी चित्तौड़गढ़ द्वारा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा दायर मुकदमों को वापस लेने मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में बताया कि अरविंद केजरीवाल राजधानी दिल्ली में तीन बार भारी बहुमत से चुने हुए मुख्यमंत्री हैं।जिनके लंबे समय तक प्रशासन से दूर रहने से जनता के राजकाज बाधित हैं।केजरीवाल पर पीएमएलए की धारा 3 श्रेणी का कोई केस नहीं बनता। 20 जून 2024 को राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 5 बिंदुओं के आधार पर जमानत दी।ईडी ने आदेश की प्रति बिना ही तत्काल 21 जून को जमानत निरस्त करने की अपील की।जिस पर 25 जून को हाई कोर्ट ने लोवर कोर्ट के 5 बिंदुओं का अध्ययन किए बिना टिप्पणी करते हुवे कहा कि लोवर कोर्ट ने अपने विवेक का इस्तेमाल नहीं किया।जमानत निरस्त कर दी।हाईकोर्ट ने यह नहीं बताया कि विवेक का इस्तेमाल किस प्रकार नहीं किया गया।वैसे न्याय विवेक से नहीं संवैधानिक कानून प्रावधानों के अधीन निर्णीत होता है।25 जून की रात्रि को केजरीवाल की पूर्वाग्रही गिरफ्तारी निरंतर सुनिश्चित करने के लिए सीबीआई ने जेल में पूछताछ की भूमिका बनाकर 26 जून को गैर जरूरी गिरफ्तारी कर ली।केंद्र सरकार द्वारा विपक्षियों की भारी बहुमत से चुनी लोकप्रिय सरकारों को बदनीयती पूर्वक कुचलने पर आमादा अपनी जांच एजेंसियों का बलात दुरुपयोग स्पष्ट लक्षित है।आम आदमी पार्टी राजस्थान देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु केंद्र सरकार से आग्रह करती है कि अरविंद केजरीवाल सहित समस्त विपक्षी नेताओं के खिलाफ झूठे षडयंत्र रचना बंद कर सभी मुकदमों को तत्काल निरस्त करने की मांग को लेकर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान आम आदमी पार्टी चित्तौड़गढ़ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार चंदेल, जिला सचिव बृजेश चोखड़ा,जिला सोशल मीडिया इंचार्ज राजीव माहेश्वरी,जिला कोषाध्यक्ष अंकुर अजमेरा, चित्तौड़गढ़ ब्लॉक के कार्यवाहक ब्लॉक इंचार्ज भरत चाष्टा,निंबाहेड़ा के वरिष्ठ पदाधिकारी नंदलाल शर्मा,भोपालसागर सर्किल इंचार्ज किशनलाल प्रजापत,पूर्व विधायक प्रत्याशी माधुलाल भांड, कार्यकर्ता वजे सिंह,माधु जाट,कमलेश नाई,नाहर सिंह,कालू भील,वर्धा मेघवाल,भीमगढ़ के रंजीत खटीक आदि कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

## कैरियर काउन्सिलिंग व रोज़गार मेला आयोजित करने का लिया निर्णय



बढ़ता राजस्थान


**फुलेरा, ( नि.स. )।** नागरिक विकास समिति सांभरलेक आगामी सितम्बर माह मे कैरियर काउन्सिलिंग व रोज़गार मेला आयोजित करेगी ।समिति सचिव जितेंद्र डांगरा के मुताबिक नागरिक विकास समिति सांभर लेक के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल गट्टानी नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय सांभर लेक के प्राचार्य प्रतिनिधि प्रो.डॉ मोहम्मद अनवर कुरैशी ,प्रो. डॉ जया राय ,डॉ भीमराव अंबेडकर चेतना समिति सांभर लेक के अध्यक्ष व राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय सांभर लेक के प्रधानाचार्य प्रतिनिधि विनोद दुलारिया ,पीएम दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ,सांभर लेक के प्रधानाचार्य टीकम चंद मालाकर परमानन्द पाराशर व प्रो. डॉ ज्ञान प्रकाश दायमा (सेवा निवृत प्राचार्य )की संयुक्त सभा का आयोजन किया गया। सभा में सर्वसहमति से सितंबर माह में विद्यालयों व महाविद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों का कैरियर काउन्सिलिंग के माध्यम से शिक्षा अर्जन उपरांत रोज़गार प्राप्त करने के सन्दर्भ में उचित मार्गदर्शन करने व सांभर लेक व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न धाराओं में शिक्षित बेरोज़गार युवकों व युवतियों को रोज़गार मेला आयोजित कर उन्हें रोज़गार उपलब्ध करवाने का प्रयास करने के संदर्भ में विचार मंथन किया गया । रोज़गार मेले में अधिक से अधिक बेरोजगारों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए गूगल फ़ॉर्म का एक लिंक तैयार किया गया जिसे सांभर लेक के सभी वॉट्सऐप ग्रुप में जल्दी ही प्रसारित किया जाएगा व आवेदनकर्ताओं की सुविधा की दृष्टी से आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी भी तैयार की गयी है जिसे इच्छुक अभ्यर्थी सिलाई केंद्र , बड़ा बाजार सांभर लेक के नाथूलाल से प्रातः 10 बजे से दोपहर 2.00 बजे के मध्य निःशुल्क प्राप्त कर सकेगें।तथा आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त तक पुनः सिलाई केंद्र जमा करवा सकेगें । ऑफ लाइन व ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों में वर्णित शैक्षणिक योग्यता अनुसार बेरोज़गार युवकों की सूची तैयार की जाएगी और जिन्हे सितंबर माह में आयोजित होने वाले रोज़गार मेले में आमंत्रित निजी कम्पनियों ,निजी बैंकों व निजी संस्थाओं के समक्ष साक्षात्कार देने हेतु उपस्थित होना पड़ेगा।

## सरकारी कार्यालयों की जर्जर हालात से कर्मचारियों में भय, विद्युत विभाग का कर्मचारी हुआ घायल

बढ़ता राजस्थान

**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** चाकसू में पुराने भवनों में चल रहे सरकारी कार्यालयों के भवनों की दयनीय एवं जर्जर होती जा रही है। तहसील चाकसू कार्यालय, जलदाय विभाग के कार्यालय एवं पानी संग्रहण के टैंक, पुलिस थाना चाकसू के आवासीय क्वार्टर हो या विद्युत विभाग के कार्यालय एवं खंडहर हो रहें आवास, सार्वजनिक विभाग का विश्राम गृह हो या पुराने भवन, सिंचाई विभाग के कार्यालय लगभग बंद हो चुका है।

सेंट्रल गवर्नमेंट के पोस्ट आफिस का पुराना भवन इतना जीर्ण-शीर्ण हो चुका है कि भवन खाली करके किराए के भवन में जाना पड़ा। यही हालात उपखंड क्षेत्र के सरकारी विद्यालयों के भवनों के है। सही समय पर नियमित देखरेख एवं मरम्मत के अभाव में यह सरकारी भवन बर्बादी के कगार पर है। किसी भी प्रकार का छोटी-बडी दुर्घटना हो जाने पर विभागीय अधिकारियों का एक ही रटा रटाया ज़वाब होता कि भवन की जर्जर हालत के बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। सरकारी कार्यालयों एवं सरकारी भवनों की देखभाल रखरखाव समय पर मरम्मत एवं साफ-सफाई तक के लिए किसी भी स्तर का अधिकारी अथवा कर्मचारी जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं हो रहा। जनप्रतिनिधियों को मानो सरकारी भवनों से कोई सरोकार ही नहीं है। एक दिन पहले ही चाकसू में सार्वजनिक विद्युत वितरण निगम के कैश कक्ष की जर्जर छत का प्लास्टर अचानक भरभराकर गिर पड़ा, नीचे बैठकर कार्य कर रहे कर्मचारी सोहनलाल गुर्जर के चोट आई एवं घायल हो जाने पर सहायक कर्मचारी अस्पताल ले कर गए। ईश्वर की कृपा से किसी तरह की गंभीर चोट नहीं होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद कर्मचारी को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। कर्मचारियों में व्याप्त आक्रोश को शांत करते हुए सहायक अभियंता रामावतार बैरवा ने उच्चाधिकारियों से वार्ता कर शीध्र ही मरम्मत करवाने का आश्वासन दिया है। विद्युत निगम की कार्यालय एवं आवास भवन बरसों पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण हो चुकें हैं। बरसात में इनकी हालत अधिक डरावनी हो जाती है, कर्मचारियों को अपने आप को बचाते हुए सावधानी से काम करना पड़ता है।



चाकसू विद्युत विभाग कार्यालय में छत से गिरा प्लास्टर

## अपनी मांगों को लेकर राशन डीलर्स ने काम बन्द करने की घोषणा के साथ जमा करवाई पोश मशीनें

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( नि.स. )।** राशन डीलर्स एसोसिएशन चाकसू के अध्यक्ष हेमराज गुर्जर की अध्यक्षता में तहसील चौराहे पर स्थित राममंदिर में राशन विक्रेताओं की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सर्वसम्मति से एक निर्णय लिया गया कि जब तक राज्य सरकार 30 हजार मासिक मानदेय देने का लिखित में आश्वासन नही देगी तब तक राशन वितरण व्यवस्था ठप्प रहेगी । इस अवसर पर चाकसू , कोटखावदा व नगरपालिका चाकसू के समस्त राशन डीलर्स ने अपनी अपनी पोस मशीनें जमा करवा दी संघ के पास जमा करवा दी एवं नोटरी पब्लिक से प्रमाणित करवाकर स्वेच्छा से कार्य नही करने का शपथ पत्र भी जमा करवा दिया। उल्लेखनीय है कि पिछले कई सालों से राज्य सरकार राशन डीलर्स का शोषण करती आ रही है और उन्हें नाममात्र को कमीशन ओर वह भी समय पर नही दिया जा रहा है। जिससे राशन डीलर्स एक तरह से टूट चुका है यथा आर्थिक तंगी से जूझ रहा है । विगत 20 जुलाई को गोशाला सांगानेर में प्रदेश स्तर की राशन विक्रेताओं की मीटिंग आयोजित की गई थी जिसमे 30 हजार मासिक वेतन व 2 प्रतिशत छीजत के लिये मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देने का निर्णय हुआ था। जिसमे तय हुआ था यदि सरकार 31 जुलाई तक डीलर्स हित मे निर्णय नही करेगी तो 1 अगस्त से राशन डीलर्स हडताल पर चले जायेंगे । मीटिंग में कमल किशोर घीया , वहीद मोहम्मद , कजोड़ गुप्ता , महेंद्र सिंह , जगदीश गुर्जर , शकील मोहम्मद , पपूल मालावत , जगदीश जाट , दीपक जांगिड , बन्ना लाल जाट , प्रकाश चौधरी , मोहन लाल गुर्जर , गिर्राज शर्मा , शाबिर हुसेन , हीरालाल मीना , छाजू लाल गुर्जर , गंगा सहाय मीना , मोहन लाल बलाई , रामबाबू गुप्ता सहित लगभग सभी राशन डीलर्स उपस्थित रहे।

## राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र यादव के नेतृत्व में मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक रामसिंह यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रारम्भिक राकेश शर्मा व एसीबीईओ दयाराम चौरडिया से मुलाकात की। इस दौरान पदाधिकारियों ने शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं जैसे अधिशेष शिक्षकों की वेतन व्यवस्था, अवकाश प्रकरण, एमएसीपी स्वीकृति, शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति, अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरण आदि विषयों पर चर्चा की। इस मौके पर जिला मंत्री विक्रम सिंह, उपशाखा कोटपूतली के अध्यक्ष विजय सैनी, मंत्री राजकुमार सैनी, राकेश अग्रवाल, अनुप कुमार शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष जयचंद गुर्जर समेत अन्य मौजूद रहे।

## बहस सत्र के दौरान बानसूर को मिली 25 करोड़ लागत की 19.5 किलोमीटर सड़क

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( नि.स. )।** राजस्थान विधानसभा में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बजट पर बहस का जवाब देते हुए विभिन्न घोषणाएं की। इस दौरान उन्होंने बानसूर को भी एक सड़क की बड़ी सौगात दी । बजट में बानसूर विधानसभा में 25 करोड़ रुपए की लागत से (19.5) किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की है। सड़क का निर्माण से नयाबास वाया खेड़ा, श्यामपुरा, रसनाली, बास दयाल, बास शेखावत तक 25 किलोमीटर सड़क निर्माण की घोषणा की गई है।

## विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( नि.स. )।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को यातायात पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। प्राचार्य प्रो. आर.के.सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस से हैड कानि. अरविन्द भारद्वाज व हनुमान गुर्जर ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सडक़ सुरक्षा सम्बन्धित सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेंट, सीट बेल्ट आदि के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि दुपहिया वाहन पर हेलमेट का उपयोग करना चाहिये तथा चौपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करना चाहिये। उन्होंने कहा कि जीवन अनमोल है, हमें सडक़ पर चलते समय दुर्घटना से देर भली, सावधानी हटी दुर्घटना घटी सिद्वान्त का उपयोग करना चाहिये। सेवानिवृत प्रो. सूर्यप्रताप सिंह राठौड़ व राजस्थान विश्वविद्यालय के वनस्पति शास्त्र विभाग के प्रो. अमित कोटिया ने महाविद्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो. उर्मिल महलावत, प्रो. मधु नागर, प्रो. पी.सी.जाट, प्रो. शीशराम यादव, प्रो. अशोक सिंह, डॉ. हुक्म सिंह, प्रो. सज्जन सिंह, प्रो. बाबूलाल मीणा, प्रो. संदीप आर्य, प्रो. जितेन्द्र कुमार यादव, प्रो.योगेश यादव आदि संकाय सदस्य सहित बडी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहें।




**RAJASTHAN UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES**

सेक्टर-18, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर, जयपुर - 302033 (राज.), दूरभाष : 0141-279515, 0141-2795508, 2795536, ई-मेल : convenercperuhsgmail.com

No. : F.14 (60) RUHS/CPC/2024-25/1239 Dated :- 27/07/2024

**Short-Term Notice Inviting Bids**

Single Stage Two envelope short term offline are invited up to 02.00 pm of 31/07/2024 for Supply and Installation of Desktop Computer, Laptop and Other Items for Online Inspection Work at Academic Section, RUHS, Jaipur (Total Est. Cost Rs. 05.50 Lacs.). Details may be seen in the Bidding Documents at the Website **sppp.raj.nic.in, www.ruhsraj.org.**

**(UBN : RUH2425GSOB00008)**

Convener
Central Procurement Cell, RUHS, Jaipur

Raj.Samwad/C/24/3052



**कार्यालय अधिशषी अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग खण्ड टोंक**

क्रमांक अअ टोंक/जन.स्वा./निविदा/2024-25/2616-2622 दिनांक 24.07.2024

**निविदा सूचना 45-46/2024-25 के लिये नोट प्रकाशन**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अधीनस्थ निम्न कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से निविदा में अंकित दिवस तक किसी भी कार्य दिवस को निविदा शुल्क राशि नकद जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते है। डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्रों का निविदा शुल्क खजांची को नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट से धरोहर राशि के साथ जमा कराना आवश्यक होगा। अन्यथ निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

| निविदा का कार्य | : | खण्ड टोंक के अधीन विभिन्न कार्य |
|---|---|---|
| NIB No.<br>UBN No. | : | PHE2425A1481<br>1. PHE2425WSRC03252<br>2. PHE2425WSRC03253 |
| निविदा बेचने की तारीख | : | 01.08.2024 अपरान्ह 6.00 बजे तक |
| निविदा शुल्क जमा कराने की तारीख | : | 01.08.2024 अपरान्ह 6.00 बजे तक |
| धरोहर राशि जमा कराने की तारीख | : | 02.08.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा प्राप्त करने की तारीख | : | 02.08.2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की तारीख | : | 02.08.2024 अपरान्ह 3.30 बजे तक |

संवेदक Rajasthan Public Procurement Portal वेबसाईट से उक्त निविदा का विवरण प्राप्त कर सकते है।

अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग
खण्ड टोंक

## सम्पादकीय

# नौकरी के नाम पर रूसी सेना में भारतीय युवक, धोखे के धंधे में जान गंवा रहे हैं बेरोजगार

रूस में एक और भारतीय युवक के युद्ध में मारे जाने को लेकर आवाजें उठनी शुरू हो गई हैं। लोकसभा में विपक्ष के एक नेता के सवाल के जवाब में विदेश राज्यमंत्री ने कहा कि रूस ने अपनी सेना में भर्ती दस भारतीय युवकों को मुक्त कर दिया है और वे जल्दी ही वापस लौट आएंगे। इसी महीने प्रधानमंत्री ने रूस यात्रा के दौरान वहां के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात में यह मुद्दा उठाया था और कहा गया था कि रूस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। बाकी युवाओं के भी जल्दी वापस लौटने की उम्मीद है। हालांकि अभी तक इस बात की ठीक-ठीक जानकारी नहीं है कि कितने भारतीय युवा रूसी सेना में शामिल किए गए हैं और उनमें से कितनों को युद्ध क्षेत्र में अगली कतार में तैनात किया गया है। पिछले दिनों जब दो भारतीय युवाओं के युद्ध में मारे जाने की खबर आई थी, और कुछ युवाओं ने अपनी तस्वीर डाल कर रिहाई की गुहार लगाई थी, तब इस बात का खुलाया हुआ था कि बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को रोजगार दिलाने के नाम पर धोखे से रूसी सेना में तैनात कर यूक्रेन के साथ युद्ध में तैनात किया गया है। तब भी सरकार ने आश्वस्त किया था कि ऐसे नौजवानों को वापस लाने की कोशिश की जा रही है। दरअसल, नौकरी दिलाने के नाम पर कुछ एजंटों ने युवाओं से भारी रकम लेकर फर्जी कागजात के जरिए गुप्त रास्तों से उन्हें रूस भेज दिया। शुरू में इन नौजवानों को सुरक्षा सहायक के तौर पर भर्ती किया गया और फिर डरा-धमका कर युद्ध क्षेत्र में धकेल दिया गया। कुछ लोगों का अनुमान है कि सौ से ऊपर ऐसे युवा रूसी सेना में शामिल कर लिए गए हैं। अब सरकार ने उन एजंटों की पहचान शुरू कर दी है, जो धोखे से नौजवानों को विदेशों में नौकरी के लिए भेजती हैं। कुछ एजंट पकड़ भी लिए गए हैं। हालांकि इस तरह फर्जी कागजात बना कर युवाओं को नौकरी दिलाने के नाम पर विदेश भेजने का धंधा कोई नया नहीं है। ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने के अनेक प्रयास हो चुके हैं, लोगों से अपील की जाती है कि विदेश मंत्रालय में पंजीकरण करा कर ही दूसरे देश में नौकरी आदि के लिए जाएं, मगर फिर भी गलत तरीके से विदेश जाने का सिलसिला रुक नहीं रहा। सरकार के सामने मुश्किल तब खड़ी हो जाती है, जब इस तरह दूसरे देशों में गए लोग किसी मुसीबत में फंस जाते हैं। हमारे देश में बेरोजगारी का आलम यह है कि एक पद के लिए हजारों अभ्यर्थी कतार में लग जाते हैं। वे किसी भी तरह रोजगार पाना चाहते हैं। दूसरे देशों में चूंकि रोजगार के अवसर अधिक हैं और वहां वेतन आदि भी अच्छा मिल जाता है, इसलिए किसी भी दूसरे देश में जाने को तैयार रहते हैं। इसके लिए जमीन-जायदाद बेच कर एजंटों को पैसा देने को भी तैयार हो जाते हैं। इसी ललक का फायदा एजंट उठाते हैं। रूस भेजे गए नौजवानों को अगर वहां की सेना में भर्ती कर युद्ध क्षेत्र में तैनात न किया गया होता, तो यह मामला भी सामने न आता। ऐसे में फिर से सरकार के सामने यह प्रश्न रेखांकित हुआ है कि आखिर वह कबूतरबाजी करने वाले एजंटों पर नकेल कसने और गलत रास्ते से विदेश जाने वाले युवाओं को जागरूक कर पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रही।

# राहुल गांधी की विभाजनकारी राजनीति और बेतुकें तर्क

**लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। इस तरह की बेतुकी बातें करते हुए वे क्यों नहीं समझना चाहते कि ऐसी स्थिति और इस तरह की परम्परा कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों के समय से ही चली आ रही है। कांग्रेस ही इसकी जिम्मेदार हैं, लेकिन वह कुछ समझने के लिए तैयार ही नहीं।**

ललित गर्ग



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगता। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफ़सर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है। यही वजह है कि हलवा परम्परा की जब राहुल गांधी अपनी तरह से विवेचना कर रहे थे, तब वित्त मंत्री ने माथा पकड़ लिया था। राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है। राहुल गांधी एक तरह से यह कहना चाह रहे हैं कि अनारक्षित वर्गों के अधिकारी आरक्षित वर्गों के हितों की उपेक्षा करते हैं। इस तरह वे देश की परम्पराओं एवं लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के समझे बिना ऐसा कुछ कह जाते है जो देश की एकता, अखण्डता एवं लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विपरीत होता है। राहुल के बोलने का बचकानापन तो कभी-कभी सारी हदें पार कर जाता है। एक बार तो उन्होंने यहां तक कह दिया हैं कि उच्च जाति के शिक्षक प्रश्नपत्र बनाते हैं, इसलिए आरक्षित वर्ग के छात्र फेल हो जाते हैं। आखिर यह भड़काऊ राजनीति नहीं तो और क्या है?

राहुल गांधी ने बजट पर सरकार को घेरने के लिए महाभारतकालीन घटनाओं का उल्लेख करते हुए यह भी कह डाला कि जैसे अभिमन्यु को चक्रव्यूह में घेर लिया गया था, उसी तरह देश को भी मोदी सरकार ने घेर रखा है। उन्होंने प्रधानमंत्री समेत जिन छह लोगों को इस घेराबंदी के लिए जिम्मेदार ठहराया, उसमें अंबानी-अदाणी के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को भी शामिल कर लिया। उन्होंने दावा किया है कि भारत पर कब्जा करने वाले चक्रव्यूह के पीछे तीन ताकतें है- पहली एकाधिकार पूंजी का विचार, जिसमें दो लोगों को देश की समूची संपत्ति का मालिक बनने की अनुमति देना। दूसरा देश की संस्थाएं, एजेंसियां, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग हैं एवं तीसरी राजनीतिक कार्यप्रणाली है। इन तीनों ने मिलकर देश को तबाह कर दिया है। इस तरह के बयानों एवं बोलों से स्पष्ट है कि वह मनमाने और बेतुके तर्क देने में संकोच नहीं कर रहे हैं। वह अपनी ऐसी बातों से चर्चा में तो आ जाते हैं और उनके समर्थक उनकी वाह-वाही करने में भी जुट जाते हैं, लेकिन नेता प्रतिपक्ष के तौर पर वह न तो समाज को कोई सही दिशा दे पा रहे हैं और न ही सरकार को कोई सार्थक सुझाव। यह स्थिति देश के लिये नुकसानदायी है, चिन्तनीय है। राहुल गांधी के रुख-रवैये एवं अतिश्योक्तिपूर्ण तर्कों से यही लगता है कि वह अभी भी चुनावी मुद्रा में हैं। अपनी चुनाव पूर्व की आक्रामकता से वे उपरत नहीं हो पाये हैं। वे सदन के भीतर एवं सदन के बाहर ऐसी ही तर्कहीन बातों एवं बयानों से अराजक माहौल बना रहे हैं। आखिर वह जो कुछ मोदी सरकार से चाह रहे हैं, उसे कांग्रेस संगठन और साथ ही अपने दल द्वारा शासित राज्य सरकारों में क्यों लागू नहीं कर रहे हैं? क्या मोदी सरकार ने उन्हें ऐसा करने से रोक रखा है? उन्हें बताना चाहिए कि कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में बजट बनाने में आरक्षित वर्गों के कितने अधिकारियों की हिस्सेदारी होती है? वह मोदी शासन की तरह मीडिया में भी आरक्षित वर्गों के प्रतिनिधित्व का प्रश्न भी कई बार उठा चुके हैं, लेकिन यह देखने को तैयार नहीं कि आखिर उनके परिवार के प्रभुत्व वाले मीडिया संस्थान में इन वर्गों के कितने लोगों की हिस्सेदारी है?

लोकसभा की कार्रवाई कांग्रेसी एवं विपक्षी सांसदों के वाक आउट, हंगामे, अनर्गल बहस की भेंट चढ़ रही है। विपक्षी अपनी सार्थक भूमिका का निवर्हन करने की बजाय लगातार सत्तापक्ष को घेरने एवं आरोप-प्रत्यारोप की घटिया राजनीति में लगा है। जिससे सरकार को कुछ भी हासिल नहीं हुआ। देश भी इन त्रासद घटनाओं से कुछ हासिल नहीं कर पा रहा है। आखिर सरकार करे, तो क्या करे? उसने हर सत्र के शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठकें करके देख ली। दोनों सदनों के अध्यक्ष और उप-सभापति ने बारंबार समझा-समझाकर सहयोग की अपील कर ली। प्रधानमंत्री ने भी बार-बार सदस्यों से सदन को शांतिपूर्वक बहस के जरिये चलने-चलाने की विनम्र अपील कर डाली। बावजूद इसके एनडीए को सत्ता के आरंभ 2014 से अभी तक विपक्ष का सहयोग नहीं मिल पाया है। संसद के सत्रों की ही भांति नीति आयोग की बैठक का भी लगभग सभी विपक्षी दलों ने बहिष्कार कर दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री आईं जरूर, लेकिन उन्होंने भी यह आरोप लगाकर बाहर का रास्ता नापा कि उनको बोलने नहीं दिया गया, माइक बंद कर दिया गया। हालांकि, सरकार ने इससे इनकार किया है। क्या देश के मतदाताओं ने भारी संख्या में विपक्ष को इसीलिए भेजा है कि वे उनके हितकारी कार्यों पर संसद में बहस करने के बजाय सब कुछ हंगामे या बहिष्कार की भेंट चढ़ा दें? कब विपक्ष संसद में मतदाताओं की भावनाओं के अनुरूप उनको सौंपी गई जिम्मेदारी के प्रति गंभीर होकर अपनी दायित्वों एवं कर्तव्यों का पालन करते हुए देश-निर्माण में अपनी सार्थक भूमिका का निर्वाह करेंगे? नीति आयोग ऐसा कोई मंच नहीं, जिसे दलगत राजनीति का अखाड़ा बनाया जाए। वैसे भी, इस बार तो नीति आयोग की बैठक का एजेंडा देश को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के उपाय और सुझावों पर केंद्रित था। आखिर इस एजेंडे पर विपक्षी दलों एवं विपक्षी दल के मुख्यमंत्री को राजनीति करने की क्यों सूझी? वे यह ठान चुके हैं कि वे किसी भी, यहां तक की राष्ट्रीय हित के विषय पर भी सरकार के साथ मिलकर चलने को तैयार नहीं। इसकी झलक संसद में तो लगातार मिल रही है, लेकिन नीति आयोग में भी वैसी ही नकारात्मक स्थितियां दुर्भाग्यपूर्ण है। विपक्षी दलों का तर्क है कि उन्होंने नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार इसलिए किया, क्योंकि बजट में विपक्ष-शासित राज्यों की कथित तौर पर अनदेखी की गई। एक तो यह जनता को गुमराह करने वाला तर्क है, और यदि ऐसा लगता है, तो उन्होंने अपनी बात आयोग की बैठक में प्रधानमंत्री के समक्ष कहने का अवसर गंवना क्यों पसंद किया?

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
शारीरिक अस्वस्थता के साथ-साथ मानसिक चिंता में वृद्धि होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मनमुटाव होगा। उग्र वाणी और अहं के टकराव से किसी के साथ झगड़े या विवाद की स्थिति बन सकती है।

**वृष**
पिता तथा अभिभावकों का सहयोग प्राप्त होगा। मन आनंदित रहेगा। फिर भी स्वभाव में उग्रता का असर आपकी वाणी पर न पड़े, इसका ध्यान रखें। वैवाहिक जीवन में प्रेम बना रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी मामूली शिकायत रहेगी।

**मिथुन**
शारीरिक स्वास्थ्य बना रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से लाभ होगा। शरीर में थकान और बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य नरम-गरम रहेगा। मन चिंता से व्याकुल रहेगा। आज यात्रा स्थगित रखने की सलाह दी जाती है। संतान के विषय में चिंता रहेगी।

**कर्क**
गृहस्थ जीवन में सुख-शांति का अनुभव होगा। मित्रों से मुलाकात होगी। आय में वृद्धि होगी। उत्तम वैवाहिक सुख की प्राप्ति होगी। अविवाहितों का रिश्ता पक्का होने की संभावना बनी रहेगी। आज आपके हरेक कार्य निर्विघ्न पूरे होंगे। भाग्य साथ न देता हुआ प्रतीत होगा।

**सिंह**
व्यवसाय करने वालों को सरकार की तरफ से लाभ मिलने और नौकरीपेशा को उच्च अधिकारियों की कृपादृष्टि मिलेगी। भाई-बंधुओं और पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**कन्या**
लंबे प्रवास का आयोजन संभव होगा। विरोधियों से विजय प्राप्त करेंगे। दिन के दौरान आकस्मिक घटनाओं में व्यस्त रहेंगे। आज आप शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता अनुभव करेंगे। परिणामस्वरूप मन में नकारात्मक विचार पैदा होंगे। आंख संबंधी शिकायत पैदा होगी।

**तुला**
किसी के साथ गलतफहमी होने के कारण मनमुटाव हो सकता है। पारिवारिक वातावरण खराब हो सकता है। अत्यधिक धन खर्च होगा। भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ निर्णय के कारण आज आप कोई भी काम त्वरित निर्णय लेकर पूरा करेंगे।

**वृश्चिक**
आपके व्यवहार से किसी को हानि न पहुंचे, इसका ध्यान रखें। आज आप सभी काम दृढ़ आत्मविश्वास और मनोबल से पूरा करेंगे। नौकरी-धंधे में उच्च अधिकारी या भागीदार के क्रोध का शिकार बनना पड़ेगा।

**धनु**
कोर्ट-कचहरी का कामों को आज टाल देना हितकर है। आज विविध क्षेत्र में लाभ मिलने से आप शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा।

**मकर**
विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। संतान के अध्ययन या अन्य मामलों के पीछे धन खर्च या पूंजी निवेश होगी। कलाकारों तथा खिलाड़ियों को प्रतिभा दिखाने का उत्तम समय है। सरकार से लाभ होने की संभावना है।

**कुंभ**
गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यवसाय में प्रगति होगी। अधिकारी और घर में बड़ों से लाभ मिलेगा। धन लाभ होगा। व्यापारियों को उधार दिया पैसा मिलेगा। संतान की प्रगति से मन खुश रहेगा।

**मीन**
आप पूरे दिन शारीरिक और मानसिक थकान महसूस करेंगे। परिश्रम की अपेक्षा कम सफलता मिलने से निराशा रह सकती है। नौकरी और व्यापार के संबंध में थोड़ा चिंतित रहेंगे। काम की भागदौड़ में परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाएंगे। पाचन तंत्र संबंधी कोई तकलीफ हो सकती है।

## शख्सियत

**यदि जीवन में यदि अच्छा घुडसवार बनने का शौक है तो सीधे-साधे घोडे पर नहीं बल्कि अडियल और बेकाबू घोड़े पर बैठेने का मन बनाईये यदि एक बार बैठ गए तो जीवन में घोड़ें से तो कभी नहीं गिरोगे........**



नेमीचन्द गोयल
( पुलिस इंस्पेक्टर-राज. पुलिस )

नमस्कार दोस्तों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के हीरों हैं राजस्थान पुलिस के निरीक्षक नेमीचंद गोयल जोकि वास्तव में जाँबाज ऑफिसर हैं। इनका जन्म 15 फ़रवरी 1974 ग्राम नूंदरी महेन्द्रा तान तहसील ब्यावर,जिला ब्यावर में हुआ। प्रारंभिक शिक्षा राजकीय माध्यमिक विद्यालय नूंदरी महेंद्रा तान, उच्च माध्यमिक शिक्षा जैन गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ब्यावर और स्नातक और स्नातकोत्तर इतिहास की शिक्षा सनातन धर्म राजकीय महाविद्यालय ब्यावर से स्नातकोत्तर में महाविद्यालय में प्रथम स्थान हुई। ग्रामीण और कृषक पृष्ठभूमि होने के बावजूद भी महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिक्षा में स्नातक बी एड राजकीय उच्च अध्ययन शिक्षण संस्थान अजमेर से हुई । वर्ष 1999 ये महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर से एमफिल करने के दौरान ही राजकीय प्राथमिक विद्यालय जौहर खेड़ा ब्यावर में तृतीय श्रेणी अध्यापक के रूप में चयन हो गया 6 माह विद्यालय में अध्यापन के उपरांत इनका मन नहीं लगा और पुलिस की भर्ती के बाद उप निरीक्षक पुलिस के पद पर चयन हो गया। 1 दिसंबर 1999 को राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में प्रशिक्षण के लिए तैयार हुए । प्रशिक्षण उपरांत जयपुर शहर के विभिन्न थानों में व्यवहारिक प्रशिक्षण के उपरांत पहला पदस्थापन पुलिस थाना झोटवाड़ा जयपुर उत्तर में हुआ 2 वर्ष के पदस्थापन के पश्चात स्थानांतरण जयपुर ग्रामीण और तत्पश्चात पदस्थापन कोटा शहर प्रभारी जिला विशेष शाखा में रहा। इसके उपरांत 5 वर्ष तक जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन में सेवाएं दी और उपनिरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नति के पश्चात 1 वर्ष तक जयपुर मेट्रो रेल में थानाधिकारी 2 वर्ष तक संचित निरीक्षक जालौर और 4 वर्ष तक संचित निरीक्षक अलवर के पद पदस्थापित रहा। वर्तमान में थाना अधिकारी सड़क दुर्घटना अनुसंधान इकाई उत्तर जयपुर आयुक्तालय पर पद को सुशोभित कर रहे हैं। मैं गर्व से कहूंगा कि ना जाने कितने ही सिपाहियों के मानसिक स्तर को सुधारने का काम नेमीचन्द ने किया है। पुलिस टीम का कम संसाधनों में भी हौसला बनाने और खाकी के इकबाल को बुलंद करने का अजीबोगरीब जज्बा इस शख्सियत में देखने को मिला। सीने पर खाकी और कंधों पर चमकते तीन स्टार इस बात को बताते हैं कि इस व्यक्तित्व ने कभी हार स्वीकार नहीं की। विपरीत परिस्थितियों में भी कभी हार नहीं माने बल्कि ओर भी मजबूत बने। योग गुरु, बैडमिंटन के राष्ट्रीय खिलाड़ी और उम्दा गायककार हैं नेमीचन्द। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## विशेष आलेख

# अगले विश्व युद्ध की विभीषिका कल्पना से परे (रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास युद्ध से वैश्विक संकट)

संजीव ठाकुर।

अमेरिका के आम चुनाव में रिपब्लिकन तथा डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय मूल की कमला हैरिस के बीच कांटे की टक्कर बताई जाती है। यदि कमला हैरिस चुनाव जीतती है तो वैश्विक परिदृश्य अलग होगा और यदि डोनाल्ड ट्रंप चुनाव जीते हैं तो वह अपनी पुरानी राष्ट्रीय नीति यानी युद्ध न करने की नीति पर अमल करने का प्रयास करेंगे अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में अमेरिका का चुनाव काफी हद तक प्रभाव डालने वाला होगा पर यह तय है कि इसराइल का साथ देते देते अमेरिका तथा यूरोपीय देशों ने हमास तथा फिलिस्तीनियों का साथ देकर अब के देशों को खासा नाराज कर दिया है और यदि फिलिस्तीन की तरफ से ईरान परमाणु युद्ध छेड़ता है तो वैश्विक शांति को बहुत बड़ा खतरा पैदा होने की पूरी संभावना है और यदि यूक्रेन रूस युद्ध में रूस अपनी परमाणु नीति पर अमल करता है तो अमेरिका तथा यूरोपीय देश यूक्रेन का साथ देने के कारण बड़े खतरे में पड़ सकते हैं। यह बात सर्व विदित है कि यदि इस बार विश्व युद्ध हुआ तो विश्व की एक तिहाई आबादी और इतने ही देशों में बड़ा संकट पैदा हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ तथा भारत जैसे तटस्थ देश को युद्ध को रोकने का भरपूर प्रयास किया जाना चाहिए अन्यथा अनिष्ट होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। यूक्रेन को अमेरिकी राष्ट्रपति की भारी मदद के बाद अब वैश्विक परिदृश्य बदल गया है। अमेरिका ने यूक्रेन को अरबों डॉलर की मदद की पेशकश के साथ रूस ने अमेरिका को सीधे चेतावनी दी है यदि इसी तरह युद्ध में हस्तक्षेप किया जाएगा तो परमाणु बम के साथ जैविक बम का इस्तेमाल भी किए जाने की संभावना होगीद्य रूस ने अपनी बौखलाहट यूक्रेन में फिर से बम वर्षक विमानों से कीव पर बड़ा हमला किया है। अंतर्राष्ट्रीय न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी अरबपति निवेशक जॉर्ज सोरस ने सचेत किया है कि रूस और चीन का सीमा विहीन गठबंधन वैश्विक शांति एवं सभ्यता के लिए खतरनाक हो सकता है। यदि पुतिन, शी जिनपिंग और उत्तर कोरिया के तानाशाह किम योंग उन के बीच का गठजोड़ रूस यूक्रेन युद्ध में कारगर साबित होता है तो विश्वयुद्ध की संभावनाएं बढ़ जाएंगी और विश्व युद्ध वर्तमान की मानवीय सभ्यता के लिए एक गतिहीन अवरोध होगा। इस अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरस ने दावोस में अपने वार्षिक प्रतिवेदन में कहा है कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द से जल्द समाप्त करने का प्रयास करना चाहिए और इसमें पूरे संसाधन झोंक देने चाहिए। वैश्विक सभ्यता को संरक्षित, पल्लवित करने के लिए सर्वश्रेष्ठ और संभवत एकमात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना होगा। यह हमला तीसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी और तहस-नहस हो जाएगी। दावा किया गया है कि पुतिन ने दोनों ने एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उन दोनों के बीच संबंधों की और सहयोग की कोई सीमा नहीं है। पुतिन ने सी जिनपिंग को यूक्रेन के विरुद्ध विशेष सैन्य अभियान की जानकारी भी दे दी थी। इसी बीच रूस के एक राजदूत ने इस्तीफा देकर पुतिन की इस कार्रवाई का खुलकर विरोध किया था और युद्ध में मारे गए सैनिकों के परिवार ने भी रूस में अपना विरोध दर्ज किया है। पुतिन को अपनी गलतियों का अब धीरे-धीरे एहसास हो रहा है जब यूक्रेन में रहने वाले रूसी भाषा के नागरिकों ने यूक्रेन पर हमले की घोर निंदा की है जबकि पुतिन को उनके समर्थन आशा थी जबकि ऐसा कुछ हुआ नहीं। पुतिन को अब यह एहसास हो गया है कि उन्होंने यूक्रेन पर आक्रमण करके एक बड़ी गलती की है। अब वह संघर्ष विराम के लिए पृष्ठभूमि तैयार करने में लगे हैं जो वर्तमान संदर्भों में संभव नहीं है। क्योंकि विश्व समुदाय का रूस पर भरोसा खत्म हो चुका है। अब या तो पुतिन अपनी हार छुपाने के लिए चाइना की मदद विश्व युद्ध लेंगे या फिर अपनी हार स्वीकार कर अपने पद से इस्तीफा देकर पलायन कर जाएंगे। रूस यूक्रेन युद्ध मैं आज तक कुल मिलाकर 30 लाख करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं और युद्ध खत्म होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। अमेरिका सहित नैटो देश के सदस्य और अन्य यूरोपीय सदस्य लगातार यूक्रेन की आर्थिक तथा सामरिक मदद करते आ रहे हैं और इस स्थिति में रूस ही कमजोर नजर आ रहा है क्योंकि रूस के तमाम कमांडर और सैनिकों का मनोबल अब लगातार गिरते जा रहा है, इसके पश्चात रूस के नागरिक भी इस युद्ध के अंदरूनी खिलाफ है जबकि यूक्रेन के नागरिक उसी हौसले और उत्साह के साथ अपने नेता जेलेंस्की के साथ खड़े हुए हैं। अब स्थिति यह है कि यूक्रेन के पास ना तो पैसे की कमी है ना ही हथियारों की,वह लगातार रूसी सैनिकों तथा कमांडरों का जमकर विरोध कर रहा है। ये अलग बात है कि मारियोपोल मैं इमारतों के मलबे के निकालने के पश्चात अलग-अलग जगह से चार पांच सौ दबे हुए शव को निकाला गया है। जिससे वहां जनता के बीच हाहाकार मच गया है। इस युद्ध की विभीषिका से यूक्रेन के लगभग एक करोड़ नागरिक यूक्रेन छोड़कर पोलैंड एवं अन्य देशों में शरण लेकर शरणार्थियों की तरह जीवन यापन कर रहे हैं। यूरोपीय देश इन शरणार्थियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए कृत संकल्प हैं और उन्हें किसी भी तरह की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ रहा है। वैश्विक राजनीति में चीन और रूस सर्वथा अलग-थलग पड़ गए हैं। ताजा स्थिति के अनुसार अमेरिका ऑस्ट्रेलिया जापान और भारत में टोक्यो सम्मेलन में चीन के बढ़ते औपनिवेशिक वाद के खतरे को भांपते हुए प्रशांत महासागर एवं तीन पेसिफिक क्षेत्र में सैन्य अभ्यास के लिए गठजोड़ कर लिया है। इसी तरह चीन के व्यापारिक फायदों को नुकसान पहुंचाने हेतु अमेरिका ने 13 देशों का एक आर्थिक समूह तैयार कर चीन को वैश्विक राजनीति और आर्थिक योजनाओं से अलग अलग कर दिया है। चीन अब क्वाड सम्मेलन को अपना विरोधी बताकर लद्दाख में अपनी सैन्य तैयारियां भारत के विरुद्ध बढ़ाने में लग गया है।

## आज का इतिहास

### 31 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- क्रिस्टोफर कोलंबस अपनी तीसरी यात्रा के दौरान 1498 में त्रिनिदाद द्वीप पर पहुंचे।
- मुगल सम्राट औरंगजेब ने 31 जुलाई 1658 को स्वयं को मंगोल का राजा घोषित किया।
- ऑस्ट्रेलिया में दक्षिण पूर्व क्वीलस्लैंड ग्रैडचेस्टर शहर में विश्व की पहली छोटी रेल लाइन 31 जुलाई 1865 को शुरू हुई।
- मद्रास प्रेसीडेंसी क्लब ने 31 जुलाई 1924 में रेडियो प्रसारण संचालित करने का बीड़ा उठाया।
- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 31 जुलाई 1933 में हमेशा के लिए साबरमती आश्रम छोड़ा।
- ब्रिटिश सरकार ने 1940 में उग्र क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक उधम सिंह को लंदन में फांसी दी।
- भारत में सबसे पहली राज्य परिवहन सेवा पश्चिम बंगाल में (कलकत्ता) राज्य परिवहन निगम की स्थापना 31 जुलाई 1948 में की गई।
- भारत और नेपाल ने 1950 में शांति और मित्रता संधि पर हस्ताक्षर किए।
- अपोलो-15 अंतरिक्ष यात्रियों ने 1971 में इलेक्ट्रिक का साढ़े 6 घंटे की यात्रा की थी।
- सोवियत संघ ने 31 जुलाई 1982 में परमाणु परीक्षण किया।
- अमेरिका के राष्ट्रपति जॉर्ज एच डब्ल्यू बुश और तत्कालीन सोवियत रूस के राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव ने 1991 में सामरिक शस्त्र कटौती संधि पर हस्ताक्षर किए।
- सितार वादक पंडित रविशंकर मैग्सेसे 1992 में पुरस्कार से सम्मानित।
- नेपाल की राजधानी काठमांडू में 31 जुलाई 1992 को थाईलैंड का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने से 113 लोगों की जानें गईं।
- भारत के पहले तैरते हुए समुद्री संग्रहालय का कलकत्ता (अब कोलकाता) में 31 जुलाई 1993 को उद्घाटन हुआ।
- सार्क का दसवां शिखर सम्मेलन 1998 में श्रीलंका की राजधानी कोलम्बो में सम्पन्न।
- लोकसभा ने 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण विधेयक को ध्वनिमत से पारित किया।
- इस्रायल और फ़िलिस्तीन के सुरक्षा मंत्रियों की बैठक 2003 को येरूशलम में समाप्त।
- आर्थिक सहयोग मंच बिम्सटेक का नाम 2004 में बदलकर 'बंगतक्षेस' किया गया।
- उज़्बेकिस्तान ने 2005 में अमेरिका को अपने सैनिक अड्डे हटा लेने का आदेश दिया।
- श्रीलंका में 2006 को युद्ध विराम समझौता समाप्त, एलटीटीई के साथ संघर्ष में 50 लोग मारे गये।
- मूल के अमेरिकी डॉक्टर सुधीर पारिख को 2007 में पाल हैरिस अवार्ड प्रदान किया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सफाई कर्मचारी भर्ती में वाल्मीकि समाज के बेरोजगार को मिले प्राथमिकता, सौंपा ज्ञापन

## सरकार ने 7 दिन में मांगे नही मानी गई तो झाडू डाउन हड़ताल का किया ऐलान

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** मंगलवार को यहां सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 में परम्परागत रूप से सफाई का कार्य करने वाले वाल्मीकी समाज को ही 100 प्रतिशत प्राथमिकता दिए जाने की मांग की गई है। वाल्मीकि समाज के बेरोजगार युवक और युवतियों को सफाई कर्मी की भर्ती में प्राथमिकता देते हुए सर्वप्रथम चयन किया जाए यह मांग अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद द्वारा की गई है। इसको लेकर अखिल भारतीय वाल्मीकि समाज विकास परिषद के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार डाबोडीया ने मुख्यमंत्री एवम जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी और पालिका अध्यक्ष सहित पालिका अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है । समाज के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार डाबोडीया ने यहां ज्ञापन में बताया है कि सफाई कर्मचारी भर्ती 2024 को लेकर दिनांक 23 जुलाई.2024 को संयुक्त वाल्मीकी समाज एवं श्रमिक संघ जयपुर द्वारा इस भर्ती में परम्परागत रूप से सफाई का कार्य करने वाले वाल्मीकी समाज को 100 प्रतिशत प्राथमिकता देने व भर्ती से आरक्षण पद्धति को हटाने और 2018 में सफाई कर्मचारी भर्ती में लगे गैर वाल्मीकी समाज के सफाई कर्मचारी को अपने मूल पद पर कार्य लगाने का निर्णय लेकर सरकार से मांग की है । साथ ही अवगत कराया की जब तक समाज के हक में मांगो को स्वीकार नहीं किया जाता तब तक झाडूं डाउन कर हडताल का ऐलान किया है।



जिसका अखिल भारतीय वाल्मीकी समाज विकास परिषद् देवली द्वारा पूर्ण रूप से समर्थन करता है । तथा सात दिवस में मांगे नही मानने पर नगर पालिका देवली में भी झाडूं डाउन हडताल कर आन्दोलन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार तथा प्रशासन की रहेगी।

समाज के लोगों की मांग है की वर्तमान सरकार नियमों में सुधार कर राजस्थान के वाल्मीकी समाज को प्राथमिकता देने का आदेश जारी करें यह मांग स्थानीय समाज के पदाधिकारियों ने की है। साथ ही ज्ञापन सौंप मे वाल्मीकि समाज के दर्जनों लोग शामिल रहे।

# ऐतिहासिक बजट में मालपुरा-टोडारायसिंह को मिली अनेक सौगातें

## जलदाय मंत्री कन्हैया लाल ने जताया आभार

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( नि.स. )।** राजस्थान में आमजन के कल्याण के लिए कार्य कर रही राज्य सरकार ने अपने बजट में राजस्थान की जनता को दिल खोलकर विकास, रोजगार सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की सौगात दी है। युवा, महिला, किसान एवं गरीब के जीवन को बेहतर करने में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। राज्य के जलदाय मंत्री कन्हैया लाल ने अपने विधानसभा क्षेत्र मालपुरा-टोडारायसिंह को बजट में अनेक सौगातें देने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी का आभार व्यक्त किया है। जलदाय मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की जनकल्याणकारी एवं दूरदर्शी सोच ने आमजन के कल्याण के लिये ऐतिहासिक बजट में राजस्थान के हर वर्ग के लोगों को राहत दी है। उन्होंने बताया कि बजट घोषणा में जयपुर-भीलवाड़ा (193 किमी) और ब्यावर-भरतपुर (342 किमी) के ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बनने से मालपुरा-टोडारायसिंह क्षेत्र से कई जिलों में जाने के लिए आवागमन सुगम होगा एवं विकास के नये द्वार खुलेंगे। जयपुर से देवली को जोड़ने के लिए वाया टोडारायसिंह बीसलपुर के लिए 147 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली पुलिया पर्यटन के विकास में सहायक होगी। भविष्य में यह क्षेत्र टूरिज्म पैलेस के रूप में विकसित हो सकेगा। उप जिला चिकित्सालय मालपुरा का जिला चिकित्सालय में क्रमोन्नयन होने पर इस क्षेत्र के लोगों को अपने उपचार के लिए जयपुर एवं जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही, सीएचसी टोडारायसिंह का उप जिला चिकित्सालय, उप स्वास्थ्य केंद्र मोर, झाड़ली, बासेड़ा एवं उनियारा खुर्द के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में क्रमोन्नयन होने पर लोगों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया होगी। चौधरी ने बताया कि बजट में मालपुरा-टोडारायसिंह-केकड़ी-देवली व अलीगढ़ के लिए शहरी पेयजल योजनाओं में उच्च जलाशय कार्य के लिए 50 करोड़ रुपये, भांसू गांव के समीप पाईप लाईन कार्य के लिए 24 करोड़ 81 लाख रुपये, मालपुरा में 3 उच्च जलाशय, राईजिंग एवं वितरण मैन पाईप लाईन के निर्माण के लिए 35 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की जनता को शुद्ध एवं पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी मिल सके। इसके साथ ही, टोडारायसिंह में 100 एलपीसीडी से पर्याप्त दबाव से शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए 30 करोड़ रुपये की लागत से 3 उच्च जलाशय राईजिंग व वितरण मैन पाईप लाईन कार्य किया जाएगा। ईआरसीपी परियोजना के प्रथम चरण में बीसलपुर बांध को भरने के लिए आवश्यक कार्यों की राशि स्वीकृत कर कार्य आदेश जारी किए गए है। जलदाय मंत्री ने बताया कि मालपुरा उपखंड की डिग्गी उप तहसील को तहसील में क्रमोन्नयन करने से राजस्व कार्यों में तेजी आएगी। साथ ही, डिग्गी नगर पालिका का गठन होने से विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। लांबाहरिसिंह ग्राम पंचायत को नगर पालिका बनने से क्षेत्र का आधारभूत एवं संरचनात्मक विकास हो सकेगा।

उन्होंने बताया कि मालपुरा-टोडारायसिंह क्षेत्र विगत 5 साल से सड़क निर्माण क्षेत्र में पिछड़ा हुआ था। उन्होंने बताया कि बजट 2024-25 में इस क्षेत्र को सड़क निर्माण कार्य के लिए कई सौगाते दी गई है। इसमें 25 करोड़ रुपये की लागत से संवारिया-झाड़ली-देवल-लाम्याजुनारदार-लांबाहरिसिंह सड़क मार्ग, 20 करोड़ की लागत से मालपुरा-रिंडल्या-मांदोलाई-खेजड़ों का बास-देवगांव-बघेरा-हिसामपुर-नासिरदा-देवली तक सड़क चौड़ाईकरण निर्माण कार्य कराया जाएगा।

# जानलेवा हमले के मामले में आया फैसला, कोर्ट ने 2 आरोपियों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास की सुनाई सजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( नि.स. )।** ए डी जे कोर्ट सवाईमाधोपुर ने जानलेवा हमले के 2 आरोपियों को दोषी माना है। ए डी जेभावना भार्गव ने जानलेवा हमले के आरोपी धनसिंह पुत्र श्योराज निवासी ठेकड़ा व नरसी पुत्र पूनीराम निवासी बोरदा को तीन-तीन साल का कठोर कारावास व 20-20 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। अपर लोक अभियोजक दिलीप सिंह राजावत ने बताया कि मोजीराम पुत्र रामचन्द्र मीणा निवासी ठेकड़ा ने चौथ का बरवाड़ा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 सितम्बर 2022 को रात लगभग 8 बजे मेरे पुत्र जितेन्द्र व घमंडी खेत में लगी ज्वार की फसल से आवारा जानवरों को लेकर चौथ का बरवाड़ा की तरफ आ रहे थे। इस दौरान रास्ते में शराब के नशे में आए आरोपी धनसिंह, नरसी ने गाली गलौच करते हुए सरिये व लाठी से मारपीट की। बेटे के चिल्लाने पर आसपास से हेमराज व श्योजीराम आदि मौके पर पहुंचे और उन्हें बचाया। मारपीट में घायल जितेन्द्र मीणा की हालत गंभीर होने पर उसे चौथ का बरवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोपी रात को 2 बजे लाठियां लेकर पीड़ित के घर पहुंचे तथा गाली गलौज करते हुए घर से बाहर निकलने व जान से मारने की धमकी दी। अपर सैशन न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद जानलेवा हमले के 2 आरोपियों को दोषी माना है। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को तीन-तीन साल के कठोर कारावास और जुर्माने से दण्डित किया है।

# 30 लाख से ज्यादा का डोडा-पोस्त पकड़ा : दुर्घटनाग्रस्त कार को किया जब्त, आरोपी भाग छूटे

बढ़ता राजस्थान

**टोंक ( का.स. )।** टोंक की दूनी थाना पुलिस ने 30 लाख से ज्यादा का डोडा-पोस्त पकड़ा है। साथ ही एक कार को भी जब्त किया है। हालांकि आरोपी मौका पाकर भाग छूटे। दूनी थाना पुलिस ने मंगलवार को 30 लाख 60 हजार रुपयों का डोडा-पोस्त एक दुर्घटनाग्रस्त कार से जब्त किया है। कार से मिले डोडा-पोस्त का वजन 204 किलो है। कार को भी जब्त कर लिया।एक्सीडेंट की सूचना के बाद पहुंची थी पुलिस दूनी थानाधिकारी सरवर खांन ने बताया कि मंगलवार सुबह सूचना मिली कि जयपुर-कोटा नेशनल हाईवे-52 पर राजमहल रोड चामुंडा होटल के सामने कार का अज्ञात वाहन से एक्सीडेंट हो गया है। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। वहां दुर्घटनाग्रस्त कार खड़ी थी। कार को चेक किया तो अन्दर डिक्की में व बीच वाली सीट के नीचे 14 प्लास्टिक के कट्टों में सामान भरा हुआ मिला। प्लास्टिक के कट्टों में भरे सामान पर सन्देह होने पर कट्टों को खोलकर देखा तो सभी कट्टों में डोडा-चूरा भरा पाया गया। सभी कट्टों में भरे डोडा-चूरा का कुल वजन 203 किलो 940 ग्राम पाया गया। इनकी कीमत 30 लाख 60 हजार से ज्यादा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हर-हर महादेव से गुंजायमान हो उठा वातावरण, सिया गोपी ग्रुप के तत्वावधान में हुआ सहस्त्र घट का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि मंडी में स्थित शिवालय में मंगलवार को आचार्य पं. रामकल्याण शास्त्री के निर्देशन में सिया गोपी ग्रुप के तत्वावधान में अखंड सहस्त्र घट का आयोजन हुआ। ग्रुप की अध्यक्ष वैशाली गुप्ता ने बताया कि शिवालय में आचार्य पं. रामकल्याण शास्त्री के निर्देशन में पं. गिर्राज शास्त्री, पं. मोहनलाल, पं. रामरतन व पं. मोहित शर्मा के सानिध्य में ग्रुप के सदस्य व अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की विधि विधान से पूजा कर जलाभिषेक किया। सहस्त्र घट के बाद भगवान भोलेनाथ का पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया। इसके बाद भोग लगाकर महा आरती की गई जिसमें श्रद्धालु उमड़ पड़े। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयकारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर कृष्णा खंडेलवाल, ऊषा कुमावत, सविता जांगिड, पिंकी टोडवाल, चंद्रकला खंडेलवाल, संगीता खंडेलवाल, कृपा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, मिथिलेश पारीक, मंजू टोडवाल, रितु टोडवाल, ललिता नाटाणी, पार्वती टेलर, मंजू नाटाणी, उमा टोडवाल, सुनीता अग्रवाल, रीना द्विवेदी, अलका विजय, उर्मिला विजय एवं शानू गुप्ता सहित सैकडों महिलाएं मौजूद थी।

# परीक्षा आवेदन आज से 12 तक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** राजकीय कन्या महाविद्यालय में परीक्षा आवेदन की अन्तिम तिथि 12 अगस्त है। प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिया ने बताया कि महर्षिदयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर की मुख्य परीक्षा नियमित एवं स्वयंपाठी अभ्यार्थी स्नातक प्रथम वर्ष सेनेस्टर द्वितीय के आमंत्रित किए गए है। स्नातक प्रथम वर्ष सेनेस्टर द्वितीय बीए, बीकॉम, बीएससी, बीसीए, बीबीए व बीपीएस आवेदन 31 जुलाई से 12 अगस्त तक किए जा सकते है। उन्होंने बताया कि उक्त आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाईट के होम पेज पर पेनल फॉर यूजी पार्ट सेनेस्टर 2024 पर विद्यार्थी स्वयं ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। परीक्षा शुल्क का भुगतान डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड व नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवा सकते है। इसके अलावा ई-मित्र के माध्यम से भी आवेदन किए जा सकते है।

# आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ को चातुर्मास 2024 के लिए श्रद्धालुओं ने चढ़ाया श्रीफल



बढ़ता राजस्थान

**निवाई/ गुन्सी( नि.स. )।** सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा सहस्त्र कूट जिनालय विज्ञा तीर्थ गुन्सी में आयोजित चातुर्मास 2024 के लिए आर्यिका विज्ञाश्री माताजी संघ को संगीत एवं जयधोष के साथ श्रीफल अर्घ्य चढाकर चातुर्मास करने को लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अनुनय विनय कर निवेदन किया। विज्ञा तीर्थ गुन्सी के संयोजक हितेश छाबड़ा एवं विमल जौंला ने बताया कि चातुर्मास विज्ञा तीर्थ गुन्सी पर करवाने को लेकर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के समक्ष श्रीफल चढाकर निवेदन किया एवं देश में खुशहाली एवं विश्व शांति की कामना को लेकर अष्ट द्रव्य से पूजा अर्चना की।

विज्ञा तीर्थ क्षेत्र के व्यवस्थापक विजय गंगवाल एवं मीडिया प्रभारी विमल जौंला ने बताया कि बुधवार को क्षेत्र पर चातुर्मास को लेकर बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर पण्डित विमल बनेठा, महावीर प्रसाद पराणा, हितेश छाबड़ा, शिखरचंद काला, हेमचंद संघी, त्रिलोक जैन, महेन्द्र चंवरिया, महावीर प्रसाद छाबड़ा, राकेश संघी, नरेश बनेठा, अशोक सोगानी व महावीरप्रसाद अजमेर सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्र के संबंध में चर्चा की

बढ़ता राजस्थान



**टोंक ( का.स. )।** दिनांकः 30.07.2024 दिनश कुमार जलुथरिया (अपर जिला एवं सेषन न्यायाधीष) सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टोंक की अध्यक्षता में पीड़ित बालकों के पीड़ित प्रतिकर आवेदन तैयार करने एवं उन पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए प्रत्येक जिले के लिए जिला बाल पीड़ित प्रतिकर सहायता समिति गठित की गई है। इस हेतु बाल पीड़ितों को प्रतिकर दिलवाने के लिए जिला बाल पीड़ित सहायता समिति के सदस्यों की बैठक हुई। विधिक सचिव ने बाल पीड़ितों के प्रार्थना पत्रों के संबंध में चर्चा की तथा इस संदर्भ में पत्रावली प्रार्थना पत्र तैयार करने हेतु निर्देषित किया गया।इस अवसर पर अनिता खटीक (सहायक कलेक्टर टोंक प्रतिनिधि अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट),सुरेश कुमार (अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक, टोंक) एवं श्री हेमराज चौधरी (अध्यक्ष, बाल कल्याण समिति टोंक) उपस्थित रहें।

# सार सुनने का पुण्य पूरी कथा सुनने के समान : पं. शर्मा

## कथा पूर्णाहुति पर व्यासपीठ से सुनाया कथा का सार



बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** विजयवर्गीय सेवा सदन में विजयवर्गीय खुटेटा परिवार के सौजन्य से चल रही श्री वाल्मीक रामयण कथा की पुर्णाहुति पर व्यासपीठ से कथा का सार सुनाया गया। मंगलवार को कथा के अन्तिम दिन व्यासपीठ से व्याकरणाचार्य पं. ऋषिराज शर्मा ने बताया कि वैसे तो कथा श्रवण का पूरा लाभ पूरे नो दिन की कथा सुनने से ही मिलता है। लेकिन समयाभाव अथवा अन्य कारणो से यदि पूरी कथा नहीं सुन पाते और अन्तिम दिन कथा का सार सुन लेने से भी पूरी कथा सुनने के समान ही पुण्य की प्राप्ति होती है।

व्यासपीठ से पं. शर्मा ने वाल्मिक कथा का पूरा सार भजनो व चौपाईयो के साथ प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध होंकर नाचने गाने को मजबूर किया।

कथा के अंत में आयोजक परिवार के मुखिया रामसहाय विजय सहित इस परिवार के सदस्य भंवरलाल आनन्दीलाल, टीकमचन्द सहित अन्य सभी परिवारजनो ने व्यासपीठ पर विराजे कथावाचक पं. शर्मा का जोरदार स्वागत व अभिनन्दन कर आर्शिवाद प्राप्त किया। इसके अलावा कथा के अन्तिम दिन विजयवर्गीय समाज स्थानीय सभाध्यक्ष हनुमान प्रसाद राजपुरावाले, महामंत्री कैलाशचन्द अजमेरी , प्रदेश व स्थानीय सभा के प्रचार प्रसार मंत्री रामजीलाल विजय पत्रकार, सहित पूर्व प्रदेशाध्यक्ष मुरलीधर, स्थानीय सभा के पूर्व महामंत्री रामचरण, ओमप्रकाश, प्रहलाद, रामकरण, सत्यनारायण सहित अन्य कई समाजबंधुओं ने व्यासपीठ व कथा आयोजक का स्वागत सम्मान किया।

# नला रोड से दादिया ढाणी तक रोड बनवाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** नला रोड से दादिया ढाणी तक रोड बनवाने व रास्ते में हो रहे अतिक्रमण हटवाने की मांग का ढाणीवासियों ने एसडीम सुरेशकुमार हरसोलिया व तहसीलदार नरेश गुर्जर को ज्ञापन सौंपा है।

विजयराम मीणा, धारासिंह सैन, लक्ष्मण सिंह, विजय सिंह, प्रभुलाल, हेमराज, विमल, आत्माराम, देवराज, आशाराम, मीनाक्षी मीणा, सम्पत कंवर, सोसर देवी, प्रधानाध्याक ललिता, सरपंच शीला मीणा सहित कई ढाणीवासियों ने बताया कि नला रोड से दादिया ढाणी की दूरी करीब 500 मीटर है जिसमें रोड नहीं है। रास्ते में गहरे गढढे हो रहे है। जिनमें बरसाती पानी भरा हुआ है। जिसकी वजह से आमजन सहित विद्यालय जाने वाले बच्चों को परेशानी उठानी पड रही है। ज्ञापन में रास्ते से अतिक्रमण हटवाकर रोड बनवाने की मांग की है।

# 2 माह से खराब पड़ी डायरी प्रिंट मशीन सही होने के बाद पुनः 3 दिन में खराब, उपभोक्ता परेशान

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा( नि.स. )।** शिवाड़ कस्बे में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में पिछले ढाई महीने से पासबुक मशीन खराब होने के कारण ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मशीन में कोई तकनीकी खराबी आ गई है जिसे ढाई माह हो चुके है मगर उसे सही नही करवाया जा रहा है। हालांकि मशीन को अभी 10 दिन पूर्व 2 माह में सही करवाया जो 3 दिन बाद ही पुनः खराब हो गई और वो बार बार खराब हो रही है मगर बैंक प्रबंधन कोई ध्यान नही दे रहा है । ये अब कब सही होगी इस बारे में कोई निश्चित जानकारी नहीं दी जा रही है। इस खराबी के कारण बैंक के ग्राहकों को अपनी पासबुक अपडेट कराने में परेशानी हो रही है। बैंक के कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्हें अपनी पासबुक में लेनदेन का विवरण देखने के लिए बैंक के कर्मचारियों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जो कि काफी समय लेने वाली प्रक्रिया है। कुछ ग्राहकों ने शिकायत भी की है कि बैंक कर्मचारी उनका काम जल्दी नहीं करते हैं, जिसके कारण उन्हें लाइन में लंबा इंतजार करना पड़ता है। इस स्थिति से ग्राहकों में रोष व्याप्त है। बैंक प्रबंधन द्वारा ढाई माह में भी मशीन को सही नही करवाया जा रहा है । ग्राहिको ने बैंक प्रबंधन से जल्द से जल्द खराब मशीन को ठीक करवाने की मांग की है।

# ट्रेलर ने आगे चल रहे ट्रक के मारी टक्कर, ट्रेलर चालक की मौत, खलासी घायल, राष्ट्रीय राजमार्ग 11 ए की है घटना

बढ़ता राजस्थान

**निवाई/जामडोली( नि.स. )।** दतवास थानान्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग कौथून -लालसोट पर गांव तुर्किया के समीप दो वाहनों में भिडंत हो गई। इस दुर्घटना में एक वाहन चालक की मौत हो गई तथा उसका खलासी घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलने पर दतवास पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई की मोर्चरी में रखवाया और घायल खलासी को सीएचसी चाकसू में उपचार के लिए भर्ती करवाया। पुलिस सहायक उपनिरीक्षक बाबूलाल ने बताया कि एक ट्रक किराने का सामान भरकर लालसोट की और जा रहा था। उसी के पीछे सीमेंट से भरे हुए एक ट्रेलर ने आगे चल रहे ट्रक के टक्कर मार दी। जिससे ट्रेलर चालक पोण्ड्री का खेडा जिला शाहपुरा निवासी रमेश पुत्र बालूराम जाट उम्र 32 वर्ष की मौत हो गई तथा खलासी कैलाश पुत्र भुआना निवासी जहाजपुर घायल हो गया। पुलिस मृतक के शव का राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।



# असहाय महिला व पुरूषों को दी निःशुल्क छतरियां

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** मानव कल्याण समिति द्वारा इमाम चौक में असहाय, विधवा महिला, दिव्यांग, एकल महिला व पुरुषों को समिति के संरक्षक मुकेश जैन बनेठा के सानिध्य में बरसात से बचाव के लिए 51 छतरियों का निःशुल्क वितरण किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष सुरेश राजवंशी, रणेद्र भैया एवं गणेश सैनी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

# महामंडलेश्वर स्वामी भजनानंदगिरी महाराज के सप्तम निर्वाण दिवस महोत्सव का शुभारंभ आज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मलीन महामण्डलेश्वर स्वामी भजनानंद गिरी महाराज का सातवां निर्वाण दिवस संत कर्मानंदगिरी महाराज के पावन सानिध्य में श्री पंचदश नाम जूना अखाड़ा संन्यास आश्रम घांटा करीरिया पर मनाया जाएगा। श्रद्धालु माहरसिंह कुंडेर व गोविन्द हाकला ने बताया कि निर्वाण दिवस को लेकर 31 जुलाई को श्री गुरु चरण पूजन व महाआरती होगी। उसके बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा। जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे।




# होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ सरिस्का अलवर ने मनाया इंटरनेशनल टाइगर-डे

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन सरिस्का अलवर ने इंटरनेशनल टाइगर डे, जिसे ग्लोबल टाइगर डे भी कहा जाता है, जो कि हर साल 29 जुलाई को मनाया जाता है, एक टॉक शो के माध्यम से होटल लेमन ट्री में मनाया। इसका उद्देश्य बाघों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और बाघों की घटती संख्या को रोकने के लिए प्रयास करना है। यह वर्ष 2010 में सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित टाइगर समिट में घोषित किया गया था। इस दिन विभिन्न कार्यक्रम, सेमिनार और जागरूकता अभियानों के माध्यम से बाघों के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला जाता है। कार्यक्रम में डीएफओ राजेंद्र सिंह हुड्डा, दाहिया जी, पूर्व डीएफ़ओ बी एस नाथावत, मनोज पराशर, गजेंद्र सिंह डायरेक्टर सरिस्का मनोर, एफएचटीआर जयपुर, अध्यक्ष कुलदीप सिंह चंडेला, लेखक एवं प्रकृतिप्रेमी त्रैपती पांडेय, नरेंद्र सिंह, हरिशंकर गोयल, नेचर गाइड निरंजन सिंह, प्रकृति प्रेमी लोकेश खंडेलवाल, सरिस्का टाइगर फाउंडेशन से दिनेश दुर्रानी आदि अनेक वक्ताओं ने उपस्थित लोगों को अपने अनुभव शेयर किए। वार्ताकारों ने बताया कि सरिस्का अभयारण्य का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह क्षेत्र प्राचीन काल से ही बाघों का निवास स्थल रहा है और यहां की प्राकृतिक सुंदरता और जैव विविधता पर्यटकों को आकर्षित करती है। हाल के वर्षों में, सरिस्का में बाघों की संख्या में वृद्धि के प्रयास किए गए हैं और कुछ बाघों को रणथंभौर नेशनल पार्क से सरिस्का में पुनर्वासित भी किया गया है।सरिस्का में वर्ष 2008 में टाइगर की संख्या नगण्य हो गई थी किंतु 27 जून 2008 को प्रथम टाइगर रणथंभोर लाकर कर एसटी-2 को सरिस्का लाया गया जहां अब संख्या बढ़कर 46 हो गई है। इंटरनेशनल टाइगर डे के मौके पर सरिस्का अभयारण्य जैसे बाघ अभयारण्यों की संरक्षण योजनाओं और प्रयासों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, ताकि बाघों की संख्या बढ़ाई जा सके और उनकी प्राकृतिक आवासों को संरक्षित किया जा सके।कार्यक्रम में होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष भाटिया, पूर्व अध्यक्ष पवन खंडेलवाल, सचिव अजय गर्ग, सरबजीत सिंह, दशरथ सिंह, सुरेंद्र नरूका, प्रदीप कुमार, कुलदीप नरूका, नमन खंडेलवाल, जय सिंह, जतन अग्रवाल, शक्ति बना, शौर्य वर्धन सिंह, कुमार आहूजा, ऋषि अग्रवाल, शुभम् सरदाना आदि उपस्थित हुए।कार्यक्रम में अलवर चेंबर कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश गुप्ता, सुधीर गोयल, लघु भारती के अध्यक्ष शशांक झालानी सहित प्रेस मीडिया के अनेक लोग उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन पवन खंडेलवाल ने किया।

# 'ग्रामीण क्षेत्र में आवारा सांडों का आतंक' एक महिला गंभीर रूप से घायल, प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी /धौलपुर (नि.स.)।** शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में आवारा सांडों का आतंक इतना बढ़ता जा रहा है कि आमजन अब सड़क पर सांडों के दिखाई देते ही सहम जाता है। ऐसे में गली हो या सड़क,हर जगह सांडों के झुंड दिखाई देते हैं। जो रास्ता निकलने वाले लोगों पर कभी भी हमला कर देते हैं। शहर में जहां दो दिन पूर्व गांधी पाड़ा मोहल्ले में कथा कर घर जा रहे एक बुजुर्ग पर सांड ने हमला किया था। वही मंगलवार को दिन में शहर के सैपऊ रोड़ के विदरपुर गांव में भैंस चराने जंगल ले जा रही एक महिला पर आवारा सांड ने हमला कर दिया। आसपास कोई नही होने से सांड महिला को रूंधता रहा। ऐसे में घायल महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

घटना की जानकारी देते हुए घायल 58 वर्षीय महिला श्रीबाई पत्नी तेजपाल कुशवाहा के पुत्र चंद्रशेखर ने बताया कि उनकी मां दिन में 11 बजे के करीब अपनी भैंसों को जंगल में चराने ले जा रही थी। इस दौरान आवारा घूम रहे सांड ने आकर उन पर हमला कर दिया। आस-पास कोई नहीं होने के चलते सांड उनको रौंदता रहा। बाद में रास्ता निकल रहे एक राहगीर ने उन्हें बचाया और गांव में आकर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद घायल श्रीबाई कुशवाह को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

घटना को लेकर चंद्रशेखर कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि ग्रामीण क्षेत्र में भी अब सांड और आवारा गोवंश फैल गया हैं। जो खेतों में फसल को तो खराब कर ही रहे हैं। लोगों पर भी हमला करने पर उतारू है। उनकी मां की हालत गंभीर है चिकित्सकों ने उनके दिमाग मे चोट के साथ शरीर मे कई स्थानों पर फेक्चर बताए है। ऐसे में उपचार के लिए जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

# विधायक शेखावत ने उठाई क्षेत्र में चरमराती शिक्षा व्यवस्था, रिक्त पदों को भरने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (नि.स.)।** स्थानीय विधायक देवी सिंह शेखावत ने विधानसभा में बानसूर विधानसभा क्षेत्र की सरकारी स्कूलों को लेकर विशेष उल्लेख प्रस्ताव दिया। विधायक शेखावत ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र बानसूर में शिक्षा की स्थिति बहुत ही खराब है। ज्यादातर स्कूलों में शिक्षकों के पद रिक्त पड़े है।

जिससे शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्कूलों में गर्मी के मौसम में ठंडे पानी के लिए वाटर कूलर की भी व्यवस्था नहीं है। विधायक ने कुछ स्कूलों में नए संकाय खोलने की मांग भी की है। जिनमें क्षेत्र के राउमावि हरसौरा विज्ञान संकाय,राउमावि लोयती विज्ञान संकाय, राउमावि खेडा- विज्ञान संकाय, राउमावि हमीरपुर कृषि विज्ञान संकाय एवं राउमावि रामपुर कृषि विज्ञान संकाय खोले जाने का प्रस्ताव दिया है।

राजकीय प्राथमिक स्कूल नवलपुरा (श्यामपुरा) राजकीय प्राथमिक स्कूल नांगलभावसिंह (लोयती), राजकीय प्राथमिक विद्यालय चतरपुरा (चतरपुरा) को राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल को क्रमोन्नत और राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल कानपुरा (खेडा) को उच्च माध्यमिक स्कूल में क्रमोन्नत किया जाने की मांग की है। क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल बानसूर और रामपुर में खेल मैदान विकसित किए जाने की मांग की है। राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल बानसूर में मंच के उपर छत डलवाने का कार्य और कॉलेज प्रांगण में 30×30 का मंच सहित बालिका स्कूल में कैमरे लगवाने की भी मांग की है।

मुख्य क्षेत्रीय शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 2 कमरों, मीटिंग हॉल सहित कार्यालय की चार दीवारी के निर्माण की मांग की गई है। विधायक ने कहा कि बानसूर के विकास के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी।

# शहर के सीनियर सेकेंडरी स्कूल किला में पौधारोपण के साथ दिया पर्यावरण को बचाने का संदेश, एक व्यक्ति लगाए पांच पौधे

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी/धौलपुर (राजू शर्मा)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के चतुर्थ चरण के अंतर्गत मंगलवार को शहर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किला में आर यू आई डी पी के सामाजिक विकास विशेषज्ञ व आदर्श विद्या मंदिर के वाइस प्रिंसिपल नीरू शर्मा के दिशा निर्देशन में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया

सामाजिक विकास विशेषज्ञ मनीष कटारा ने बताया कि पर्यावरण की सुरक्षा में संपर्क लेने के उद्देश्य हेतु हमें प्रत्येक घर में पांच पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। इससे क्या होगा कि पर्यावरण प्रदूषण जलवायु परिवर्तन ग्रीन हाउस के प्रभाव ग्लोबल वार्मिंग ब्लैक होल आदि समस्याओं से निजात मिल सके। इस अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय किला बाड़ी की उप प्राचार्य नीरू शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष प्रत्येक व्यक्ति को पांच वृक्ष लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके। पर्यावरण से ही हमें वह सभी चीजों उपलब्ध होती है जिनका उपयोग करके आज मानव जीवित है या आरामदायक जीवन बता रहा है इसलिए पर्यावरण संरक्षण करना हमारा कर्तव्य और जिम्मेदारी भी।

कैप के सामुदायिक विकास अधिकारी पंकज शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों के पर्यावरण के प्रति जागरूकता पैदा करना है। आज के औद्योगीकरण के दौर में पेड़ों की अंधाधुंध कटाई चिंता का विषय बना हुआ है जिसके चलते दुनिया भर के ईको सिस्टम में तेजी से बदलाव देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम में सामाजिक विकास विशेषज्ञ मनीष कटारा,उप प्राचार्य नीरू शर्मा,व्याख्याता मनीष शर्मा व बाड़ी के सामुदायिक विकास अधिकारी पंकज शर्मा अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# प्रजापति समाज द्वारा महाराज दक्ष प्रजापति की जयंती मनाई गई



बढ़ता राजस्थान

**बहरोड़ (सुभाष यादव)।** प्रजापति जागृति समिति बहरोड के द्वारा प्रजापति कार्यालय पर मानस पुत्र चक्रवर्ती सम्राट श्री महाराज दक्ष प्रजापति की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।

भगवान दक्ष प्रजापति जी के चित्र पर विशिष्ट महानुभावों द्वारा माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे मान्यवारों ने भी पुष्प अर्पित कर भगवान दक्ष प्रजापति जी को श्रद्धा और आदर के साथ स्मरण करते हुए नमन किया जयंती समारोह में उपस्थित मान्यवारों ने भगवान दक्ष प्रजापति जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सृष्टि के रचयिता ब्रह्मा जी के मानस पुत्र पृथ्वी के पहले राजा चक्रवर्ती सम्राट भगवान महाराज श्री दक्ष प्रजापति जी समाज के आराध्य देवता के रूप में जाने जाते हैं। मान्यवारों ने अपने संबोधन में कहा की प्रजापति समाज में व्याप्त कुर्तियां को त्याग कर समाज को शिक्षा संगठन संघर्ष समाज सेवा राजनीति आदि में बढ़ते हुए वैदिक संस्कृति का पालन करना चाहिए जयंती समारोह में अध्यक्ष घनश्याम प्रजापति, किरोड़ीमल जी, महावीर , गोपीराम , मंगतूराम, मास्टर प्रेमजी, केशव देव नहाडिया नीमराना, होशियार, हीरालाल , गुलाबचन्द, गिर्राज सहित प्रजापति समाज के लोग उपस्थित रहे।

# कंचनपुर पुलिस ने पकड़ा डीएसटी टीम के साथ हथियार सहित आरोपी

बढ़ता राजस्थान




**बाड़ी /धौलपुर (नि.स.)।** उपखंड की कंचनपुर थाना पुलिस में मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए डीएसटी टीम के सहयोग से थाना क्षेत्र के अरुआ का नाला पुरानी चेक पोस्ट के पास से लोडेड हथियार लेकर वारदात की फिराक में घूम रहे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए बदमाश से अब कंचनपुर पुलिस पूछताछ कर चुकी है। कंचनपुर थाना अधिकारी शैतान सिंह ने बताया कि एसपी धौलपुर सुमित महरेड़ा के निर्देश पर वांछित अपराधियों और अवैध हथियारों को लेकर मुखबिर तंत्र के सहयोग से लगातार धरपकड़ अभियान चलाया हुआ है। जिसके तहत कार्रवाई की जा रही है। ऐसे में जरिये मुखबिर पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में हथियार के साथ अरुआ के नाले पर देखा गया है। जो किसी वारदात की फिराक में घूम रहा है। इस पर थाने की एएसआई होतम सिंह के नेतृत्व में टीम बनाकर हेड कांस्टेबल दीनदयाल, माखन,कांस्टेबल चरण,ओम सिंह,भरतराम,अश्विनी,सुरेश और वासुदेव की टीम मौके पर भेजी गई। टीम ने जैसे ही पुरानी चेकपोस्ट के पास अरुआ के नाले पर संदिग्ध को देखा तो आरोपी पुलिस को देखते ही भागने लगा। इस पर पुलिस ने भागते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# राजकीय महाविद्यालय राजाखेड़ा में किया सघन अभियान के तहत पौधारोपण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (नि.स.)।** राजाखेड़ा कस्बे के समीपवर्ती गांव डोंगरपुर में स्थिति राजकीय महाविद्यालय में आज मुख्यमंत्री सघन पौधारोपण अभियान के तहत करीब 50 पौधे लगाए गए। जिसमें महाविधालय के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार के द्वारा सघन पौधारोपण अभियान चलाकर अधिक से अधिक संख्या में पौधारोपण किया जा रहा है।आज महाविधालय में भी लगभग 50 पौधे लगाए गए जिसमें 20 फलदार और 20 छायादार एवं 10 छोटे पौधे अन्य प्रकार के लगाए गए।उन्होंने बताया कि मेने सभी पौधों को गोद लेकर पुत्र की तरह पालने के भरसक प्रयास से उनकी सुरक्षा और देखभाल करने का दृढ़ संकल्प लिया है।पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थिति प्रत्येक छात्र और छात्रा ने पौधारोपण करके उसको रक्षासूत्र बांधकर भाई बना करके संरक्षण की जिम्मेदारी ली है।हम सभी को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पौधारोपण करना चाहिए जिससे हमारे आसपास की प्रकृति का वातावरण शुद्ध हो।बीए थर्ड ईयर के छात्र कुश राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यार्थियों ने पौधारोपण करके प्रकृति को मजबूती प्रदान करने का दृढ़ संकल्प अपने मन में धारण किया है। पेड़ हमारे लिए फायदेमंद ही नहीं बल्कि हमारी प्राणवायु का मुख्य स्त्रोत हैं। इनके बिना जीवन मृत्यु के समान हैं लगाए गए सारे पौधों का संरक्षण और उनकी देखभाल करना।

# चारागाह भूमि पर दबंगों के कब्जा करने को लेकर ग्रामीणों द्वारा उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौपा



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी /धौलपुर (राजू शर्मा)।** उपखंड के कंचनपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत जपावली के गुजर्रा कला गांव में करीब 22 हैकटेयर चारागाह भूमि पर दबंगों ने कब्जा कर लिया है। दबंगों द्वारा किए गए इस कब्जे के बाद गांव गुजर्रा कला के ग्रामीणों को अपने मवेशियों को चराने में परेशानी आ रही है। ऐसे में ग्रामीणों द्वारा विरोध करने पर झगड़ा और वारदात की आशंका है। इसको लेकर पीड़ित और नाराज ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सौपा है। और तीन खसरा नंबरों की उक्त 22 हेक्टेयर भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त करने की मांग की है। बाड़ी एसडीएम राधेश्याम मीणा को ज्ञापन देने के दौरान ग्रामीण बुजुर्ग राजपाल, भूरासिंह, टीकम,भूरा,नत्थी सहित अन्य बताया की जपावली ग्राम पंचायत के गुजर्रा कला गांव में आरजी खसरा नंबर 1251 की 11 हेक्टेयर,खसरा नंबर 1252 की 6 हेक्टेयर और खसरा नंबर 1254 की करीब 4 हेक्टेयर से अधिक भूमि है। जो चारागाह है। उक्त भूमि पर ग्रामीणों द्वारा अपने मवेशियों को चराया जाता है। लेकिन पिछले कुछ महीनो से गांव और आसपास के क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक परिवारों ने उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया है और पत्थरों से मेढ़ बंदी कर काफी भूमि को जोत दिया है और अब खेती कर रहे हैं। जब ग्रामीणों ने उक्त भूमि के चारागाह होने पर अपने मवेशियों के चरने में आ रही परेशानी को लेकर आरोपियों का विरोध किया तो आरोपियों ने उनको धमकी दी है। ऐसे में ग्रामीण परेशान है और झगड़ा एवं वारदात की संभावना को लेकर एसडीएम राधेश्याम मीणा को ज्ञापन सौपा है। जिसमें उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने और दबंगों द्वारा किए गए कब्जे को लेकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# कांवड़ यात्रियों की सुखद यात्रा के लिए एडवाइजरी जारी की

बढ़ता राजस्थान


**धौलपुर (नि.स.)।** राज्य के गृह विभाग द्वारा कांवड़ यात्रियों की सुखद यात्रा के लिए एडवाइजरी जारी की है। जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बीटी ने जिले के कांवड़ यात्रियों से राज्य सरकार द्वारा जारी एडवाइजरी की पालना करने की अपील की है।

**कांवड़ यात्रा के दौरान क्या करें :** हरिद्वार आने वाले पैदल कांवड़ यात्री कांवड़ पटरी का ही प्रयोग करें। कांवड़ यात्री अपना पहचान-पत्र अथवा आधार कार्ड अथवा ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य साथ रखें। यात्री अपना वाहन निर्धारित पार्किंग में ही पार्क करें अन्यथा एम.वी.एक्ट के अंतर्गत की जावेगी। यात्री अराजकतत्वों से सावधान रहें। वाहन में बैठे कांवड़ यात्रियों की सूची एवं यात्रा विवरण अपने वाहन में अवश्य लगाए। निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें, अन्यत्र स्नान करने पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**कांवड़ यात्रा के दौरान क्या न करें :** यात्रा के दौरान अपने साथ हॉकी, बेसबॉल, स्टिक, तलवार, नुकीले भाले, लाठी, डंडे इत्यादि लेकर न आए। यात्रा के समय मादक पदार्थों का सेवन न करें। कांवड़ की ऊंचाई 7 फीट से अधिक न रखें। रेलगाडी एवं अन्य वाहनों की छतों पर यात्रा न करें। पुलों से छलांग लगाकर स्नान न करें। कांवड़ में डीजे एवं लाउडस्पीकर आदि का प्रयोग न करें। संदिग्ध या लावारिस वस्तुओं को न छुएं, इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, और न ही फैलाएं। प्लास्टिक व प्लास्टिक से बने उत्पादों का प्रयोग न करें। यात्रा के दौरान अपनी मोटर साइकिल का साइलेंसर उतारकर न चलाए।

# दलित शिक्षक नेता की हत्या का मामला सदन में गूंजा, नेता प्रतिपक्ष ने सदन में लगाए नारे

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर/अलवर (का.स.)।** उदयपुर के सलूंबर गांव के रहने वाले दलित शिक्षक नेता शंकर लाल की हत्या का मामला आज सदन में फिर गूंजा।

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली,विपक्ष सहित आदिवासी पार्टी ने शंकर लाल को न्याय दो, न्याय दो की मांग को लेकर सदन में नारे लगाए। जूली बोले प्रदेश में कानून व्यवस्था बेपटरी हो गई है, सरे आम घर में घुसकर हत्याएं की जा रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश में पुलिस का इकबाल खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि दलित शिक्षक शंकर मेंघवाल के परिवार को न्याय नहीं दिया जा रहा है, उनके परिवार की सरकार की ओर से कोई मदद नहीं की जा रही है। उन्होंने कहा कि सदन में पूरा विपक्ष और आदिवासी पार्टी ने मिलकर सरकार का ध्यान इस और आकर्षित किया है। उन्होंने कहा कि गूंगी बहरी प्रदेश की पर्ची वाली सरकार जवाब तक नहीं दे पा रही है। उन्होंने कहा कि शंकर लाल के परिवार को जब तक न्याय नहीं मिलता है, यह गतिरोध जारी रहेगा। जूली ने बताया कि दलित शिक्षक नेता की घर में घुसकर तलवार से गर्दन काटकर हत्या कर दी गई, मामला पुलिस के संज्ञान में होने के बावजूद परिवार को सुरक्षा नहीं दी गई।

# स्कूली बच्चों को श्रीमद् भगवत गीता का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** मंगलवार को श्री अग्रवाल उच्च माध्यमिक विद्यालय अलवर में100 श्रीमद्भागवत गीता(डॉक्टर तैयब खान द्वारा प्रायोजित)100 रसराज श्रीकृष्ण (डॉ प्रमोद रावत द्वारा प्रायोजित)का वितरण विद्यार्थी एवं अध्यापकों को किया गया। इस दौरान विजय हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर विजयपाल यादव ने बच्चों को हरे कृष्ण मंत्र की महिमा के बारे में बताया श्री कृष्ण द्वारा बताए गए गीता ज्ञान को यादि जीव समझ ले तो वह मानव से इंसान बन जाए। धर्म किसका बड़ा है इस दिखने वाले युद्ध से, धर्म है क्या ये यदि समझ आ जाए तो जीव का जीवन सफल हो जाएगा।

# मां वाउचर योजना में निजी सोनोग्राफी सेंटर एमओयू करें : सीएमएचओ

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** मां वाउचर योजना को लेकर मंगलवार को नयापुरा स्थित जैन रेस्टोरेंट में जिला स्तरीय पीसीपीएनडीटी कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें जिले के सभी निजी सोनोग्राफी सेंटर संचालक मौजूद रहे।

सीएमएचओ डॉ जगदीश सोनी ने मां वाउचर योजना (मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य वाउचर योजना) की जानकारी देते हुए बताया कि सरकार की मंशा है कि हर महीने 9, 18 और 27 तारीख को राजकीय चिकित्सा संस्थानों पर आयोजित किए जा रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में एएनसी जांच के लिए आने वाली गर्भवती महिला की कम से कम एक सोनोग्राफी जांच भी आवश्य हो। जिन क्षेत्रों या सरकारी अस्पतालों में सोनोग्राफी की सुविधा नही होगी तो गर्भवती महिला किसी निजी सोनोग्राफी सेंटर पर जाकर एक सोनोग्राफी जांच नि:शुल्क करवा सके। इसके लिए सरकार द्वारा प्रति सोनोग्राफी जांच 450रू. का भुगतान निजी सेंटर को किया जाएगा। इसके लिए निजी सोनोग्राफी सेंटर अपनी सहमती देकर विभाग के साथ एम.ओ.यू कर सकते हैं। उन्होने बताया कि मां वाउचर योजना में गर्भवती महिला की एलएमपी के अनुसार दूसरी या तीसरी तिमाही के गर्भकाल में एक सोनोग्राफी जांच नि:शुल्क करवाई जाएगी। इसके लिए गर्भवती महिला के पीसीटीएस सॉफ्टवेयर में पंजिकृत मोबाइल नम्बर पर क्यूआर कोड युक्त कूपन भेजा जाएगा। ताकि इस कूपन को लेकर गर्भवती महिला विभाग से सहमति प्राप्त मान्य किसी भी निजी सोनोग्राफी केन्द्र पर अपनी सोनोग्राफी जांच नि:शुल्क करवा सके। मां वाउचर योजना के जिला नोडल अधिकारी व आरसीएचओ डॉ रमेश कारगवाल ने बताया कि निजी सोनाग्राफी संचालक जिला स्तर पर आरसीएचओ व ब्लॉक स्तर पर संबधित बीसीएमओ से एम.ओ.यू करवा सकते हैं। डीपीओ नरेन्द्र वर्मा ने पीपीटी के माध्यम से योजना क्रियान्विति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में डीएनओ हारून अंसारी व डीपीसी (पीसीएनडीटी) प्रमोद कंवर ने बताया कि योजना को ऑनलाईन संचालित किये जाने के लिए विभागीय सॉफ्टवेयर पीसीटीएस, इम्पेक्ट व ओजस को इंटीग्रेटेड कर एक ऑनलाईन प्रणाली विकसित की गई है। इस दौरान मुखबिर योजना की जानकारी भी दी। पीसीपीएनडीटी एक्ट की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चत करने के निर्देश दिए। कार्यशाला में उप निदेशक महिला अधिकारिता विभाग मनोज कुमार मीणा ने बेटी बचाओ, बेटी बढाओ विषय पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में बीसीएमओ डॉ. राजेश सामर भी उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने ऑयल इंडस्ट्रीज में मारा छापा, साढ़े 7 हजार लीटर तेल पकड़ा

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा विभाग ने कोटा में बड़ी कार्रवाई की है। अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के नेतृत्व में विभाग की टीम ने रानपुर में शिवम एडिबल ऑयल इंडस्ट्रीज में छापा मारा। करीब साढ़े 7 हजार लीटर तेल पकड़ा है। यहां पर तेल को प्रोसेस करके कई सारे ब्रांड के नाम पर बाजार में बेचा जा रहा था। टीम ने मौके से निवाई, राजस्थान, पोस्टमैन समेत अन्य ब्रांड के नकली तैयार किए हुए तेल के पीपे, पैकिंग, समेत अन्य सामग्री जब्त की गई हैं। अतिरिक्त खाद्य आयुक्त पंकज ओझा के अनुसार कुछ समय पहले विभाग की टीम ने यहां से सैंपल लिए थे, जो जांच में सबस्टैंडर्ड के मिले। यहां ब्रांडेड के नाम से मिलावटी तेल बेचने की सूचना मिल रही थी। जिस पर आज टीम के साथ मौके पर आए। देखा तो एक ही तेल को अलग-अलग ब्रांड के नाम से पैक किया हुआ था। इसमें मुख्यत: मूंगफली और तिल्ली का तेल था। संदेह के आधार पर टीम ने 450 लीटर तिल्ली के तेल सहित साढ़े 7 हजार लीटर तेल सीज किया है। टीम ने मौके से सैंपल लिए है, जिन्हें जांच के लिए ले भेजा जाएगा जांच रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ओझा के अनुसार यहां कोटा व बाहर से कच्चा माल खरीदकर उन्हें ब्रांड 5-6 ब्रांड से पैक किया जा रहा था। फिर ब्रांडेड बताकर कोटा और बाहर सप्लाई किया जा रहा था।

## शुद्ध पेयजल सप्लाई करें एवं डीएमएफटी के कार्यों जल्द पूर्ण करें



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** साप्ताहिक समीक्षा बैठक जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देश पर मंगलवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर भू. अ. सुरेंद्र सिंह पुरोहित के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने एक एक कर विभागीय कार्यों, डीएमएफटी के अंतर्गत कार्यों, भूमि आवंटन आदि की समीक्षा कर अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने वृक्षारोपण अभियान के तहत जिला कलक्टर आलोक रंजन के दिये निर्देशानुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम के आवंटित लक्ष्यों के अनुसार पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने लाइट्स पोर्टल पर डाटा अपडेट करने और लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को मानसून के दौरान शुद्ध पेयजल सप्लाई पर विशेष ध्यान रखने तथा पेयजल से संबंधित प्राप्त शिकायतों को तुरन्त निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न विभागों में डीएमएफटी के तहत चल रहे कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने सीएमएचओ को जिले में संचालित प्रत्येक चिकित्सालय और स्वास्थ्य केन्द्र पर मौसमी बिमारियों की रोकथाम के लिये औषधियों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागो के अधिकारियों से ई-फाइल के बारे में जानकारी लेते हुए ई-फाइलो एवं ई- डाक की पेंडेंसी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर दर्ज लंबित प्रकरणों को समय रहते निस्तारण करने के सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए।

इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी राकेश पुरोहित, नगर परिषद आयुक्त रविंद्र सिंह यादव, पीएचईडी अधीक्षण अभियंता, कृषि, समाज कल्याण विभाग, राजीविका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मानसिक तनाव में युवक ने की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के उद्योग नगर थाना इलाके में मानसिक तनाव के चलते एक युवक ने सुसाइड कर लिया। उसने कमरे में फांसी लगा ली। युवक काफी घंटे बाद भी बाहर नहीं निकला तो परिजनों को घटना का पता लगा। उसे फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। घटना सोमवार दोपहर 4 बजे के आसपास की है। शव का आज पोस्टमॉर्टम करवाया गया। मृतक सुरेंद्र वाल्मीकि (35) सकत बाबा के पास इंद्रा गांधी नगर, डीसीएम इलाके में रहता था। मजदूरी का काम करता था। उद्योग नगर थाना पुलिस के अनुसार सुरेंद्र शराब का आदी था। अक्सर नशे में पत्नी से झगड़ा करता था। रविवार को सुरेंद्र ने शराब के नशे में पत्नी से मारपीट की। जिसके बाद रात 9 बजे करीब पत्नी अपने दोनों बच्चों को लेकर अपने पीहर इंद्रागांधी नगर आ गई। सुरेंद्र घर पर अकेला ही था। अगले दिन सोमवार दोपहर 3-4 बजे तक कमरे से बाहर नहीं आया। परिजनों ने खिड़की से झांककर देखा तो सुरेंद्र फांसी पर लटका हुआ था। उसने प्लास्टिक के रस्सी से कड़े से फंदा लगा रखा था। परिजनों ने पड़ोसियों की मदद से गेट को तोड़ा। सुरेंद्र को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। शव को एमबीएस हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में शिफ्ट करवाया।

## मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान की श्रृंखला में आरयूआईडीपी कार्मिकों ने किया वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी, (नि.स.)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट रामगंज बालाजी पर आरयूआईडीपी कार्मिकों द्वारा वृक्षारोपण महाअभियान 2024 के तहत वृक्षारोपण किया । राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना एवं खिलाडी इंफ्रास्ट्रक्चर के संयुक्त तत्वाधान में सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

इस अवसर पर आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा ने कहा कि पृथ्वी पर जितने ज्यादा पेड़ पौधे होंगे उतनी धरती पर हरियाली एवं खुशहाली बनी रहेगी, पेड़ पृथ्वी की अनमोल सम्पदा है। उन्होने कहा कि सबको मिलकर प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाले नुकसानों के बारे में आमजन को जागरूक करने की आवश्यकता है। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिकाधिक संख्या में पौधारोपण करने के साथ उनकी देखभाल करना आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील कि प्रत्येक व्यक्ति को प्रति वर्ष पांच वृक्ष लगाने चाहिए ताकि पर्यावरण का संरक्षण किया जा सके ।

## अवैध मृत मछलियों के परिवहन पर गंगधार पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**14 क्विंटल 55 किलो मृत मछलियों का परिवहन करते पिकप सहित युवक को किया गिरफ्तार**

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के गंगधार पुलिस ने 14 क्विंटल 55 किलो मृत मछलियों का परिवहन करते पिकप सहित युवक को गिरफ्तार किया। राज्य सरकार द्वारा 15 जून से 31 अगस्त तक मत्स्य आखेट क्रय विक्रय व परिवहन पर प्रतिबंध लगाया हुवा है।बावजूद इसके क्षेत्र में अवैध रूप से मछलियों का शिकार व परिवहन धड़ल्ले से जारी में जिसकी रोकथाम हेतु प्रशासन व पुलिस मुस्तेदी से लगी हुई है।क्षेत्र में पुलिस द्वारा दूसरी बड़ी कार्यवाही करते हुवे।थानाधिकारी नंद किशोर वर्मा के सुपरविजन ए एस आई मगन लाल के नेतृत्व में पुलिस जाप्ते ने अवैध मृत मछलियों का परिवहन करते मुलजिम शेख शरीफ को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 14 क्विंटल 55 किलो अवैध मृत मछलिया जप्त कर परिवहन में उपयोग की जा रही पिकउप जप्त की है ।

इस कार्यवाही में ए एस आई मगन लाल ,कॉस्टेबल राकेश कुमार ,विनोद कुमार ,ब्रजेश कुमार ,मनीष कुमार ,रघुवीर सिंह शामिल रहे।

## पत्नी से झगड़े के बाद पति ने की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर के रायपुरा इलाके में एक युवक ने पत्नी से झगड़े के बाद खुद के हाथ की नस काट ली। घटना में युवक की मौत हो गई। मामला उद्योग नगर थाना इलाके में रायपुर स्थित रूद्र कॉलोनी का है। रूद्र कॉलोनी में शिवशंकर दास परिवार के साथ रहता था। शिवशंकर कृषि उपज मंडी में काम करता था। जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर को वह घर पहुंचा। उसकी पत्नी लक्ष्मी के अनुसार घर आने के बाद शिवशंकर ने मकान को अंदर से बंद कर लिया।

इसके बाद किचन से चाकू लेकर आया और पत्नी पर हमला करने की कोशिश की। इसके बाद खुद के हाथ की नस काट ली। घरवालों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शिवशंकर को अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मंगलवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है।

पत्नी लक्ष्मी का कहना था कि शिवशंकर घर आया और झगड़ा करने लगा। इस दौरान उसने बच्चों को भी अलग कमरे में बंद कर दिया। इसके बाद वह रसोई में गया और चाकू लेकर आ गया। चाकू से उसने लक्ष्मीदास पर हमला किया। वार उसके पैर में लगा। लक्ष्मी के अनुसार उसे बीपी की परेशानी है, ऐसे में वह बेहोश हो गई। उसे कुछ देर बाद जब होश आया तो शिवशंकर के हाथ की नस कटी हुई थी और खून फैला हुआ था। उसने तुरंत परिवार के लोगों को फोन कर जानकारी दी। पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद शिवशंकर को अस्पताल पहुंचाया गया।

लक्ष्मी के अनुसार शिवशंकर शराब पीता था। घर पर भी कम ही रूकता था और बाहर रहता था। सोमवार सुबह वह काम पर गया था। इसके बाद करीब 11-12 बजे आया और झगड़ा किया। गाली गलौज की और दरवाजा बाहर से बंद कर चला गया। लक्ष्मी के अनुसार-इसके बाद उन्होंने शिवशंकर की माँ को फोन किया। उसके बाद वह घर पहुंची और बाहर लगा ताला तोड़ा। इसी बीच शिवशंकर आ गया और फिर झगड़ा करने लगा। कुछ देर बाद उसकी मां वहां से चली गई। इसके बाद शिवशंकर ने अंदर से दरवाजा बंद कर दिया। दोनों बच्चों को अलग कमरे में बंद किया और रसोई से चाकू लाया। खुद की हाथ की नस काट ली।

इधर, शिवशंकर के घरवालों का आरोप है कि दोनों के बीच आए दिन झगड़े होते थे। शिवशंकर के मौसेरे भाई अशोक के अनुसार दोनों के बीच आए दिन झगड़ा होता था।

## बुजुर्ग महिलाओं से लूट के 3 आरोपी पकड़े, पुलिस ने कान के टॉप्स बरामद किए

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** जिले की ग्रामीण पुलिस ने बुजुर्ग महिलाओं से लूट के आरोप में दो भाई समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में लूट की 3 वारदातों का खुलासा हुआ है। आरोपी राह चलती व घर में मौजूद बुजुर्ग महिलाओं को अकेली देखकर वारदात को अंजाम देते थे। हाल ही में हुई वारदात में महिलाओं के कान के टॉप्स तोड़कर फरार हुए थे। सांगोद थाना पुलिस के अनुसार 11 अक्टूबर 2021 की सुबह चरेलिया मोहल्ला सांगोद निवासी 55 साल की रामजानकी बकरियां चराने रकसपुरिया रोड गई थी। रास्ते में बाइक सवार दो बदमाश उसके 10 ग्राम वजनी कानों के टॉप्स तोड़कर फरार हो गए। दूसरी घटना 17 सितम्बर 2022 की है। वार्ड 18 निवासी 62 वर्षीय छोटी बाई आंगन में चारपाई पर सो रही थी। उसी समय एक बदमाश आया, 10-12 ग्राम की कान की गुट्टियां खींचकर ले गया।

तीसरी घटना 17 मार्च 2024 के है। लक्ष्मीपुरा निवासी राजमल ने शिकायत दी थी। जिसमें बताया कि रात को उसकी मां उकारी बाई घर में सो रही थी। दो अज्ञात बदमाश मां के कानों की गुट्टियां (करीब 1 तौला) छीनकर फरार हो गए।

फरियादियों की शिकायत पर अलग अलग टीमें गठित की। बपावर कलां, सांगोद पुलिस की टीमों ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। खानाबदोश अपराधियों पर निगरानी रखी। मुखबिर की सूचना व तकनीकी अनुसंधान के बाद आरोपी वीरू (24), भारत (32) व जीतू (22) हाल निवासी खैराई बीड सांगोद को गिरफ्तार किया। आरोपी वीरू व भारत सगे भाई हैं। वीरू के खिलाफ 2, भारत व जीतू के खिलाफ 1-1 मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार आरोपियों से छीने गए टॉप्स गुट्टियां बरामदगी के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## यूजी ऑनलाइन काउंसलिंग शेड्यूल जारी, अलॉटमेंट लेटर 23 अगस्त तक होगा जारी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** मेडिकल काउंसलिंग कमेटी (एमसीसी) ने सोमवार रात को अपनी वेबसाइट पर एक नोटिफिकेशन जारी कर नीट यूजी 2024 की रैंक से 15 प्रतिशत अखिल भारतीय कोटा, एम्स संस्थान, जिपमेर संस्थान, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, डीम्ड यूनिवर्सिटी, ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एएफएमसी पुणे तथा सेंट्रल नर्सिंग इंस्टीटूट्स में प्रवेश के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग शेड्यूल घोषित कर दिया है।

जानकारी के अनुसार प्रथम काउंसलिंग का सीट वेरिफिकेशन प्रोसेस 14 से 16 अगस्त के बीच और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 14 अगस्त से 21 अगस्त 2024 तक चलेगा। 16 अगस्त से 20 अगस्त 2024 के बीच विद्यार्थियों को अपनी मेडिकल और डेंटल तथा नर्सिंग कॉलेजों की च्वाइस को अपनी इच्छा अनुसार भरना होगा। इसके लिए विद्यार्थियों को निर्धारित फीस का भुगतान भी करना होगा, जो कि ऑनलाइन डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से किया जा सकेगा। 20 अगस्त 2024 को च्वाइस लॉकिंग, 21 से 22 अगस्त 2024 को सीट अलॉटमेंट प्रोसेस एवं चयनित विद्यार्थियों को 23 अगस्त 2024 को सीट अलॉटमेंट लेटर जारी कर दिया जाएगा।

विद्यार्थियों को 24 से 29 अगस्त के बीच आवंटित कॉलेज में अपने दस्तावेजों एवं फीस के साथ रिपोर्टिंग करनी होगी। इसके बाद 30 एवं 31 अगस्त को एमसीसी जॉइनेड कैंडिडेट्स का डाटा वेरीफाई करेगा। मिश्रा ने बताया कि इस प्रस्तावित शेड्यूल के जारी होते ही सभी चयनित कैंडिडेट्स ने राहत की सांस ली है क्योंकि वे सभी इसी पल का इंतज़ार कर रहे थे हो, चूंकि एमसीसी सिर्फ अखिल भारतीय यूजी ऑनलाइन काउंसलिंग करवाता है, ऐसे में अब कुछ दिन के बाद राज्य भी अपनी 85 प्रतिशत काउंसलिंग का नोटिफिकेशन जारी कर देंगे।

## बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी पर निगम का निरीक्षण, संचालकों को किया पाबंद

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (का.स.)।** शहर में बेसमेंट में चल रही लाइब्रेरी व ट्यूशन सेंटर्स पर अब प्रशासन एक्शन मूड में है। मंगलवार को दूसरे दिन भी नगर निगम की टीमें शहर में कोचिंग एरिया में गई और जांच की।

अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास के अनुसार कोरल पार्क, लैंडमार्क सिटी, इलेक्ट्रॉनिक कॉम्प्लेक्स एरिया में यह जांच की गई। इस दौरान कई सेंटर्स चैक किए गए। इस दौरान कई हॉस्टलों की बेसमेंट में लाइब्रेरी संचालित पाई गई। जिनमें चैकिंग के दौरान बच्चे भी मौजूद थे। ऐसे में बच्चों को बाहर निकाला गया। साथ ही संबंधित मलिक को पाबंद किया गया कि भविष्य में दुबारा बेसमेंट में लाइब्रेरी का संचालन नहीं करे। राकेश व्यास ने बताया कि लगातार इसी तरह से चैकिंग की जाएगी। जहां भी बेसमेंट में किसी भी तरह की लाइब्रेरी या कोचिंग मिली तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। वर्तमान में पाबंद किया जा रहा है। एक दिन पहले सोमवार को भी एक दर्जन से ज्यादा लाइब्रेरी में जांच कर उनके मालिकों को पाबंद किया गया था।

## डॉ. रेनू श्रीवास्तव स्वर साधना साहित्य सम्मान से अलंकृत



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** शहर की एंकर डॉ. रेनू श्रीवास्तव को स्वर साधना साहित्य सम्मान से अलंकृत किया गया है। स्वर साधना मंच की ओर से स्वर साधना काव्योत्सव एवं सम्मान समारोह -2024 गुरुग्राम में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अंतरराष्ट्रीय कवि पंडित सुरेश नीरव के द्वारा यह सम्मान दिया गया। डॉ. रेणु श्रीवास्तव ने बताया कि तकरीबन 2 माह की चुनाव प्रक्रिया के बाद देश के भिन्न भिन्न हिस्सों से चुने गए 12 कवि और साहित्यकारों को स्वर साधना साहित्य सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया है। स्वर साधना मंच अपनी विशिष्ट कार्य शैली के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। इसका सदैव ही प्रयास रहा है कि जो भी करे विशुद्ध भावना से, सच्ची लगन और शिद्दत से करे। वर्ष 2007 से साहित्य, समाज सेवा का लंबा व गौरवशाली इतिहास रहा है। ये विशुद्ध साहित्यिक सेवा के कार्यक्रम, समाजसेवा की गतिविधियों को जारी रखे हुए हैं।



## मृतक के परिजन को आम नागरिक समिति द्वारा सहायता राशि सौंपी

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला आम नागरिक समिति द्वारा गत दिनों 6 जुलाई को मृतक गंगाराम सैन निवासी वर्रा तहसील बडौद मध्यप्रदेश की चौमहला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन हादसे में मृत्यु हो गई थी। जिसकी आर्थिक स्थिति काफी कमजोर है अत: एक 8 वर्षीय बालक एवम 10 वर्ष की बालिका के सर से पिता का साया उठ गया। जिसकी खबर सुन नगर में शोक की लहर दौड़ पड़ी थी। एवम परिवार जन को आर्थिक रूप से आम नागरिक समिति द्वारा 40000 रुपए की धन राशि एकत्रित कर 15000 नगद राशि एवम 25000 रुपए एफडी मृतक के बालक के नाम करवा कर उनके पैतृक गांव जा कर आम नागरिक समिति सदस्यो अंशुल पटेल,जसवंत जिंगर,सुनील नाहर,राहुल मालवीय,बाबूलाल शर्मा द्वारा सौंपी गई।समिति सदस्य अंशुल पटेल ने जानकारी देते हुए बताया की मृतक के परिजनों को सरकार द्वारा रेलवे दुर्घटना में अभी तक रेलवे,सांसद कोष या विधायक कोष से आर्थिक सहायता की अपील की गई।

# निर्माणाधीन सामुदायिक केंद्र की छत गिरने से मलबे में दबे नौ जनों को एसडीआरएफ ने जीवित बाहर निकाला, 4 की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजसमंद जिले में खमनोर थाना क्षेत्र के गांव टिमेला में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन की छत गिरने से मलबे में दबे नौ श्रमिकों को राजसमंद में तैनात एसडीआरएफ की आपदा राहत टीम ने लगातार 4 घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन कर जीवित बाहर निकाल लिया है, जिन्हें नजदीकी अस्पताल भिजवाया गया है। हादसे में चार जनों की मौके पर मौत हो गई। जिनके शव स्थानीय प्रशासन को सौंपे गए। एसडीआरएफ के कमांडेंट राजेंद्र कुमार सिसोदिया ने बताया कि राजसमंद जिले के खमनोर थाना इलाके में चिकलवास क्षेत्र के गांव के टिमेला में मेघवाल समाज के निर्माणाधीन सामुदायिक भवन की छत तीन दिन पहले ही डाली गई थी। जो अचानक रात को भरभरा कर पैनकेक आकार में गिर गई। जिसमें कुछ श्रमिक मलबे में दब गए। घटना स्थल पर स्थानीय प्रशासन एवं सिविल डिफेंस की टीम द्वारा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल पा रही थी।

कमांडेंट सिसोदिया ने बताया कि एसडीआरएफ को सूचना मिलने पर एफ कंपनी जोधपुर की राजसमंद में तैनात रेस्क्यू टीम के प्रभारी हैड कांस्टेबल सुखाराम एवं 10 जवानों की टीम को आपदा राहत उपकरणों के साथ भेजा गया। टीम करीब 12:15 बजे घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

रेस्क्यू टीम के जवानों लालचंद, कन्हैया लाल, राजेंद्र, सुरेश कुमार, दौलत राम, सुंदरलाल, विजेंद्र सिंह, विद्यानंद एवं सुनील कुमार ने सबसे पहले हेल सर्च तकनीक का उपयोग करते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। इस तकनीक से मलबे में जीवित लोगों के फंसे होने की पुष्टि होने पर टीम कमांडर ने बिना समय गंवाए सिविल डिफेंस टीम के साथ मिलकर सीएसएसआर उपकरणों की मदद से विक्टिम तक पहुंचने के लिए वर्टिकल एप्रोच तकनीक से कंक्रीट को तोड़ एवं लोहे के सरियों को काटकर एक के बाद एक 9 श्रमिकों को जीवित बचा लिया।

हादसे में जीवित बचाए गए श्रमिक मांगीलाल पुत्र शंकर लाल, हीरालाल पुत्र तुलसीराम, लच्छी राम पुत्र भैराराम, चेतन पुत्र राम जी, लक्ष्मण पुत्र मोहनलाल, पूरण पुत्र मोहन लाल, दिनेश पुत्र रोड़ा लाल, मिट्ठू लाल पुत्र मोहनलाल एवं गोपी लाल पुत्र खेमाराम को नजदीकी अस्पताल में भिजवाया गया है। चार मृतक श्रमिकों भंवरलाल पुत्र लच्छी राम, भगवती लाल पुत्र रोड़ा लाल, शांति लाल पुत्र नारु लाल एवं कालू पुत्र वेणी राम के शव बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किए गए।

मौके पर मौजूद जिला कलेक्टर भंवरलाल, एसपी मनीष त्रिपाठी एवं स्थानीय ग्रामीणों ने एसडीआरएफ को धन्यवाद दिया और रेस्क्यू टीम के कार्य की सराहना की।



## तालिबान ने 14 देशों में अफगानी दूतावास अमान्य घोषित किए

### ये पिछली सरकार में खोले गए थे, यहां से जारी पासपोर्ट-वीजा अवैध होंगे



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** तालिबान ने 14 देशों में मौजूद अफगानिस्तान के दूतावासों को अमान्य घोषित कर दिया है। इनमें ब्रिटेन, जर्मनी, स्विट्जरलैंड, फ्रांस, इटली और ऑस्ट्रेलिया जैसे देश शामिल हैं। दरअसल, इन दूतावासों को अफगानिस्तान की पिछली सरकार के कार्यकाल में खोला गया था। तालिबान के विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि इन दूतावासों की तरफ से जारी किया गया कोई भी पासपोर्ट, वीजा या डिप्लोमैटिक दस्तावेज मान्य नहीं होगा। अफगानिस्तान का तालिबान शासन इनके लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

मंत्रालय ने कहा कि नए पासपोर्ट हासिल करने के लिए लोगों को तालिबान की इस्लामिक एमिरेट ऑफ अफगानिस्तान सरकार के नेतृत्व वाले दूतावासों से संपर्क करना होगा। विदेश में रह रहे सभी अफगानी नागरिकों को अमान्य घोषित किए गए 14 देशों के दूतावास के अलावा दूसरे डिप्लोमैटिक मिशन्स में जाकर अपने दस्तावेज रीन्यू करवाने होंगे।

**पाक-चीन में तालिबान के नेतृत्व वाले दूतावास**-मार्च 2023 में तालिबान शासन ने कहा था कि वे ज्यादा से ज्यादा अफगान दूतावासों को अपने कंट्रोल में लेने की कोशिश कर रहा है। इसके बाद तालिबान ने लंदन और वियना में मौजूद अफगान वाणिज्य दूतावासों पर सेवाएं रोक दी गई थीं।

## ईरान में मसूद पजशकियान ने ली राष्ट्रपति पद की शपथ

### कुरान पढ़ाई, इराक से जंग लड़ी; राष्ट्रपति रईसी की मौत के बाद मिली सत्ता



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ईरान में मसूद पजशकियान ने देश के 9वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ले ली है। मंगलवार को ईरान की संसद में पजशकियान का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें भारत और पाकिस्तान समेत कई देशों के नेता शामिल हुए थे। जहां भारत का नेतृत्व केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने किया था तो वहीं पाकिस्तान की तरफ से उप-प्रधानमंत्री इशाक डार समारोह में शामिल हुए थे। पजशकियान ने 5 जुलाई को हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को 30 लाख वोटों से हराया था। ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की 19 मई को हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत के बाद देश में राष्ट्रपति चुनाव की घोषणा की गई थी। ईरान में पहले चरण की वोटिंग 28 मई को हुई थी। इसमें कोई भी उम्मीदवार 50% वोट हासिल नहीं कर पाया था, जो चुनाव जीतने के लिए जरूरी है। हालांकि, पजशकियान 42.5% वोटों के साथ पहले और जलीली 38.8% वोटों के साथ दूसरे नंबर पर रहे थे।

ईरान के संविधान के मुताबिक, अगर पहले चरण में किसी भी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिलता है, तो टॉप 2 उम्मीदवारों के बीच अगले चरण की वोटिंग होती है। इसमें जिस कैंडिडेट को बहुमत मिलता है, वो देश का अगला राष्ट्रपति बनता है।

## नेता प्रतिपक्ष के पद से हटाए जाएंगे ऋषि सुनक

### भारतवंशी प्रीति पटेल रेस में सबसे आगे, ये पार्टी में सुनक की कट्टर विरोधी थीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की कंजर्वेटिव पार्टी में अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऋषि सुनक की जगह पार्टी की कमान लेने किए 6 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। इसके लिए 3 महीने तक इनके बीच मुकाबला होगा।

कंजर्वेटिव पार्टी को 4 जुलाई को हुए चुनाव में करारी हार मिली थी। इस वजह से वे 14 साल की सत्ता गंवा बैठे थे। चुनाव के बाद सुनक ने पार्टी चीफ के पद से इस्तीफा नहीं दिया था। वे संसद में विपक्ष के नेता हैं।

31 अक्टूबर को पार्टी चीफ चुनने के लिए चुनाव होगा जिसका परिणाम 2 नवंबर को आएगा। सुनक की जगह लेने के लिए एक भारतवंशी प्रत्याशी प्रीति पटेल भी रेस में हैं। प्रीति पटेल का मुकाबला केमी बेडनॉच, रॉबर्ट जेनरिक, जेम्स क्लेवरली, टॉम टुगेन्डहाट और मेल स्ट्राइड से होगा।

**बोरिस जॉनसन खेमे की नेता हैं प्रीति**-प्रीति पटेल 2010 में पहली बार एसेक्स के विथेम से कंजर्वेटिव सांसद बनी थीं। जून 2014 में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एकतरफा रिपोर्टिंग के लिए बीबीसी की कड़ी आलोचना की थी। इस दौरान भारत में उनकी खूब चर्चा हुई थी। प्रीति गुजराती मूल की हैं और पीएम मोदी की समर्थक मानी जाती हैं। प्रीति का जन्म 29 मार्च 1972 को लंदन में हुआ था। उनके माता-पिता 1960 में युगांडा से ब्रिटेन जाकर बसे थे। प्रीति ने कील यूनिवर्सिटी से इकोनोमी में ग्रेजुएशन और एसेक्स यूनिवर्सिटी से पोस्टग्रेजुएशन किया है। प्रीति पटेल बोरिस जॉनसन खेमे की नेता रही हैं और सुनक की विरोधी नेता मानी जाती हैं।

# जयपुर में दो कोचिंग सेंटर सील

## मेयर सौम्या गुर्जर अचानक जांच करने पहुंचीं, आग से बचाव के सही इंतजाम नहीं थे

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दिल्ली के एक कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भरे बरसात के पानी में डूबने से तीन स्टूडेंट्स की मौत के बाद जयपुर नगर निगम ग्रेटर एक्शन मोड में आ गया। मंगलवार को नगर निगम ग्रेटर की मेयर सौम्या गुर्जर अचानक गोपालपुरा बाइपास स्थित कोचिंग सेंटर का निरीक्षण करने पहुंचीं। फायर एनओसी नहीं मिलने के कारण गुरुकृपा और कलाम कोचिंग सेंटर को सील कर दिया गया।

मेयर दोपहर 2 बजे सबसे पहले गोपालपुरा बाइपास स्थित गुरुकृपा कोचिंग सेंटर पर पहुंची। यहां उन्होंने मैनेजमेंट से फायर एनओसी दिखाने और बिल्डिंग में लगे फायर उपकरण दिखाने करवाने के निर्देश दिए। मौके पर फायर एनओसी नहीं होने पर उन्होंने मानसरोवर जोन उपायुक्त और फायर उपायुक्त को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद शाम करीब 4 बजे कोचिंग पर ताला लगा दिया गया।

मेयर ने कोचिंग सेंटर में संचालित क्लास रूम का भी दौरा किया। यहां मेयर क्लास में मौजूद बच्चों से मिलीं। बच्चों से बातचीत में मेयर ने कहा- वे जिस कोचिंग सेंटर में एडमिशन लें, वहां पहले ये देखकर सुनिश्चित करें कि वहां फायर फाइटिंग सिस्टम लगे हैं या नहीं? उस कोचिंग संस्थान के पास फायर एनओसी है या नहीं?



### शिकायत दें, ताकि नगर निगम कर सके कार्रवाई

मेयर ने बच्चों की क्लास लेते हुए नगर निगम की ओर से बनाए नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने दिल्ली की घटना का जिक्र करते हुए बच्चों से कहा- अगर उन्हें लगता है कि उनके कोचिंग सेंटर पर उनकी सुरक्षा को लेकर कोई खतरा है तो उसकी शिकायत नगर निगम प्रशासन को दें। अगर कोचिंग सेंटर के बेसमेंट या किसी कमरे में फायर फाइटिंग सिस्टम न दिखें तो उसकी भी शिकायत आप नगर निगम में कर सकते हैं।

### कलाम कोचिंग में न फायर एनओसी और न उपकरण

इसके बाद मेयर सौम्या गुर्जर कलाम कोचिंग सेंटर पहुंचीं। सेंटर पर न तो फायर एनओसी थी और न ही फायर उपकरण ठीक से पाए गए। इसके बाद इस संस्थान को भी सील किया गया है।

### मेयर बोलीं- मुख्यालय लेवल पर विशेष कमेटी बनाई

मेयर सौम्या गुर्जर ने बताया- शहर में ग्रेटर एरिया में संचालित तमाम कोचिंग सेंटर्स की सुरक्षा व्यवस्था, फायर एनओसी, फायर फाइटिंग सिस्टम का सर्वे और निरीक्षण करने के लिए हमने मुख्यालय स्तर पर कमेटी बनाई है। इसमें नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय के उपायुक्त, फायर उपायुक्त, जोन उपायुक्त के अलावा तीन तकनीकी टीम के अधिकारी शामिल किए हैं। ये टीम जल्द शहर का सर्वे करके अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। कोचिंग संस्थाओं को नोटिस जारी करेगी।

## संसद में जम्मू-कश्मीर का बजट पास

### पिछले साल के मुकाबले 110 करोड़ कम, इंफ्रा और रोड पर फोकस; 370 हटने के बाद 5वां पूर्ण बजट



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार (30 जुलाई) को संसद में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट पेश किया। इसे ध्वनी मत से पारित किया गया। जम्मू-कश्मीर के लिए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए 1 लाख 18 हजार 390 करोड़ रुपए का बजट पेश हुआ है। बीते साल यह 1 लाख 18 हजार 500 करोड़ रुपए था। इस साल इसमें 110 करोड़ की कमी आई है। फाइनेंशियल ईयर 2024-25 में जम्मू-कश्मीर के सकल राज्य घरेलू उत्पाद में 7.5% की ग्रोथ और 7,902 करोड़ रुपए राजकोषीय घाटा (फिस्कल डेफिसिट) रहने का अनुमान है। इससे पहले 5 फरवरी 2024 को वित्त मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के लिए फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए 1.18 लाख करोड़ रुपए का अंतरिम बजट पेश किया था। बजट में कहा गया है कि यह जम्मू-कश्मीर के विकास का बजट है। इसमें जम्मू-कश्मीर के लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं को शामिल किया गया है। इसका लक्ष्य जम्मू-कश्मीर के लोगों की बेहतरी के लिए सामाजिक-आर्थिक विकास की गति को तेज करना है। प्रदेश में निर्वाचित सरकार नहीं होने की वजह से यह जम्मू-कश्मीर का 5वां पूर्ण बजट है जो संसद में पेश हुआ है।

### जम्मू-कश्मीर के बजट में 5 फोकस पॉइंट

- फिजिकल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण
- गवर्नेंस और ग्रासरूट डेमोक्रेसी को मजबूत करना
- सस्टेनेबल एग्रीकल्चर और इंडस्ट्रियल ग्रोथ को बढ़ावा देना
- एंप्लॉयमेंट जनरेशन और रिस्पॉन्सिबल टूरिज्म को बढ़ाना
- महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समावेशन

## विधानसभा में गाली देने पर धारीवाल को मिली सजा, माफी मांगी

### दो दिन कार्यवाही में हिस्सा लेने पर रोक; स्पीकर बोले- चार साल सदस्य रहने का हक नहीं

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा में यूडीएच की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान गाली देने के मामले में मंगलवार को शांति धारीवाल ने सदन में माफी मांग ली है। माफी के बाद स्पीकर वासुदेव देवनानी ने व्यवस्था देते हुए धारीवाल को दो दिन सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेने की सजा दी है।

स्पीकर ने धारीवाल से कहा- आज और कल आप विधानसभा तो आएंगे, लेकिन सदन की कार्यवाही में हिस्सा नहीं लेंगे। मैं तो चाहता था जिस तरह का आचरण था,चार साल तक सदन के सदस्य रहने का हक नहीं था। आपके दल के सदस्यों के आग्रह और माफी के बाद मैंने फैसला किया। स्पीकर ने कहा- जिस तरह का आचरण किया गया, इससे सदन की गरिमा को भारी ठेस पहुंची, आपको अंदाजा नहीं है, जब मीडिया में यह बात गई तो इस सदन की क्या गरिमा रह गई? इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। आगे से चेतावनी है कि आप आचरण ठीक रखें। सदन की गरिमा को ठेस पहुंचाने के किसी एक्शन को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इससे पहले धारीवाल के गाली देने पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सदन में माफी मांगी। सदन में धारीवाल के गाली के मामले में स्पीकर की व्यवस्था से पहले चर्चा हुई। डोटासरा और जूली ने स्पीकर से धारीवाल को माफ करने का आग्रह किया। जूली और डोटासरा ने कहा कि धारीवाल खुद खेद प्रकट कर देंगे, उन्हें माफ कर दिया जाना चाहिए।

### डोटासरा बोले- धारीवाल के शब्दों को उचित नहीं ठहरा सकते

डोटासरा ने कहा- इनके (धारीवाल) मुंह से ऐसे शब्द कैसे निकले, उन शब्दों को जायज नहीं ठहरा सकते। अवस्था की वजह से निकले या कैसे निकले।



हजारों बार असंसदीय शब्दों का प्रयोग होता है तो सभापति या अध्यक्ष कार्यवाही से निकाल देते हैं और मामला खत्म हो जाता है। संदीप शर्मा सभापति थे, उनके बारे में बात थी, वो कार्यवाही से निकाल देते तो मामला खत्म हो जाता।

### स्पीकर ने धारीवाल को 19 साल का बता दिया, उसका भी असर हुआ

डोटासरा ने कहा- स्पीकर साहब ने धारीवाल जी की उम्र 19 साल बता दी, उसका भी असर हुआ। मेरी धारीवाल साहब से बात हुई, इनके संदीप शर्मा से अच्छे रिश्ते हैं, जब सभापति की कुर्सी पर बैठे दिखे तो कुछ कुछ शब्द निकल गए, वो शब्द गलत थे। हम सब लोग यह मानते हैं कि सदन चले, हम लोग माफी चाहते हैं, जानबूझकर नहीं किया। धारीवाल पांच बार चुनकर आए, ससंदीय कार्य मंत्री रहे, वो आदमी जानबूझकर ऐसा नहीं कर सकता। इन्होंने कोटा को चमकाने का काम किया।

### मुख्य सचेतक बोले- सजा भी 19 साल के युवक जैसी दें क्या, यह कुतर्क है

मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने कहा कि जब 19 साल के हैं तो सजा भी वैसी ही दी जाए। फिर तो इन्हें हाथ ऊपर करवाकर शाम तक खड़े कर दें, यह कुतर्क है। धारीवाल ने जिस तरह के शब्द सदन में बोले वो गिरते स्तर का परिचायक है। धारीवाल ने कहा- मैं 40 साल से जीतता आ रहा हूं, मैंने हमेशा इस आसन को सर्वोच्च मानकर ही चला हूं। मेरा आसन का अपमान करने का कोई इरादा नहीं हैं। संदीप शर्मा जब पहली बार सभापति की कुर्सी पर बैठे तो इस पूरे सदन में अकेला आदमी था, जिसने कहा था आज सबसे ज्यादा खुश हूं कि ये विराजमान है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com